page 1_Layout 1 27-09-2026 21:44 Page 1

डेली
# आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » सोमवार, 28 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :156 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

**अनमोल वचन**

'मुझे पाने के लिए किसी तीर्थ की नहीं, सच्चे मन की आवश्यकता होती है।'


पढ़े पृष्ठ 6 पर...

## आज का भारती



विधायक एस. कुलवंत सिंह पंडोरी

### विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी (महलकलां)

डेली आवाज भारती

विधायक एस. कुलवंत सिंह पंडोरी ने कहा कि बरनाला साहित्यकारों और सामाजिक रूप से जागरूक नागरिकों का जिला है। उन्होंने युवाओं से भगत सिंह के आदर्शों को अपनाते हुए समाज सेवा और खेलकूद में भाग लेने की अपील की।

# एसआईआर विवाद पर सियासत तेज, राहुल के आरोपों पर किरेन रिजिजू का पलटवार

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर दिए गए बयान का खंडन किया। उन्होंने कहा कि उनके शब्दों को समाज में फैलाना गलत संदेश देगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई अन्य नेताओं ने भी राहुल गांधी के शब्दों की निंदा की। भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि देखिए, राहुल गांधी अपनी साख बचाने की कोशिश कर रहे हैं। वे अब तक 90 चुनाव हार चुके हैं। उन्होंने कहा कि कभी वो (राहुल गांधी) हाइड्रोजन बम लाते हैं, कभी सूतली बम, कभी ईवीएम पर सवाल उठाते हैं, कभी वोट चोरी की बात करते हैं। परसों उन्होंने जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उससे एक बात साबित हो गई। अगर वो वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं, तो ईवीएम सही हैं, इसलिए उन्हें ईवीएम के आरोपों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। और दूसरी बात, राहुल गांधी, वोट चोरी नहीं हो रहे हैं। लोगों ने चोरों को वोट देना बंद कर दिया है। राहुल गांधी ने 24 सितंबर को एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जहां देश में कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्टियों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर काम करती है, वहीं भाजपा के मामले में यह गायब सी हो जाती है। राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा और कई विधानसभा चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली का दावा किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस, जो 100 से अधिक बार चुनाव हार चुकी है, अब हताशा में अपने नेता राहुल गांधी को राष्ट्रविरोधी आचरण का सहारा लेते हुए देख रही है। मुख्यमंत्री साई ने आगे कहा कि पक्षपातपूर्ण नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अब देश के सभी संवैधानिक संस्थानों को बदनाम करने और लगातार झूठ और धोखे की राजनीति के माध्यम से देश की छवि धूमिल करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और अन्य दो आयुक्तों, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी, द्वारा आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस से यह साबित हो गया है कि आयोग के भीतर कोई मतभेद नहीं है। बल्कि, कांग्रेस द्वारा किए गए सभी दावे न केवल खोखले हैं, बल्कि राहुल गांधी की देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और भारत की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने की सोची-समझी साजिश है। यह स्पष्ट है कि निर्वाचन आयुक्तों द्वारा लिया गया निर्णय सर्वसम्मति से था।

## उत्तर भारत में मौसम का भीषण प्रकोप :

# यूपी में 65 घंटे की बारिश से 29 की मौत

- बिहार में कोसी-गंडक के उफान से 500 घर डूबे

डेली आवाज भारती







**नई दिल्ली/लखनऊ/पटना।** उत्तर और पूर्वी भारत के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बेहद खतरनाक बना हुआ है। उत्तर प्रदेश में पिछले 65 घंटों से जारी मूसलाधार बारिश और तेज आंधी के कारण दो दिनों में 29 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि बिहार में नदियों के उफान से बाढ़ के हालात गंभीर हो गए हैं। वहीं, पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी और मैदानी हिस्सों में भारी बारिश के चलते जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

**उत्तर प्रदेश:** 45 शहरों में तबाही की बारिश, 22 जिलों में फ्लैश फ्लड का अलर्ट

उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या, चित्रकूट और जौनपुर सहित करीब 45 शहरों में पिछले 65 घंटों से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है-

**29 मौतें और भारी नुकसान:** आंधी-बारिश और बिजली गिरने से जुड़े हादसों में अब तक 29 लोगों की जान जा चुकी है। सैकड़ों बीघा फसलें जलमग्न होकर बर्बाद हो गई हैं तथा जगह-जगह पेड़ और बिजली के पोल गिरने से विद्युत आपूर्ति ठप है।

**नदियां उफान पर:** 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के बीच 22 जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा बना हुआ है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे प्रमुख घाटों की सीढ़ियां पूरी तरह डूब गई हैं।

**बिहार:** कोसी और गंडक ने बढ़ाई मुसीबत, 17 जिलों के गांव घिरे

नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते बिहार की कोसी और गंडक नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं- हजारों गांव प्रभावित- साइक्लोन 'अर्नब' का असर भले ही कमजोर हुआ हो, लेकिन पिछले 72 घंटों की बारिश से 17 जिलों के लगभग 6,000 गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। 500 से अधिक घर डूबे- अकेले सुपौल जिले के 50 गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, जहां 500 से अधिक घर पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं।

# मुझे तेज लहरों के बीच तैरना पसंद, सीईसी के खिलाफ महाभियोग की मांग के बीच राहुल गांधी का पोस्ट

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ऐसा पोस्ट किया है जिसने राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज कर दी है। राहुल गांधी ने लिखा, मुझे समुद्र में तब तैरना पसंद है, जब लहरें तेज हों। इससे यह सीखने को मिलता है कि उथल-पुथल भी शांति का ही एक रूप है। राहुल का यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद की मीडिया रिपोर्ट के बाद विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग तेज कर दी है। इससे पहले कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के कई दलों ने सीईसी के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली समेत पूरे देश में धरना प्रदर्शन किया था। दरअसल केरल कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि केरल के पूर्व मुख्य सचिव जीजी थॉमसन का कहना है कि ज्ञानेश कुमार ने उनसे संपर्क किया और उन्हें भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए कहा, यहां तक कि मंत्री पद की पेशकश भी की। ज्ञानेश कुमार को ऐसा प्रस्ताव देने का अधिकार किसने दिया? वे किसके अधिकार से बोल रहे थे और 2016 में भाजपा के लिए राजनीतिक भर्ती में चुनाव आयुक्त की कथित संलिप्तता क्यों थी?

इस पर राहुल गांधी ने पोस्ट किया, पहले ज्ञानेश कुमार, जो उस समय एक सेवारत आईएएस अधिकारी थे - का इस्तेमाल भाजपा के लिए भर्ती करने में किया गया। फिर मोदी और शाह ने उन्हें अंपायर बनाया और उन्हें भारत के चुनावों में मैच फिक्सिंग का जिम्मा सौंप दिया। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर काम कर रहा है और एसआईआर यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के नाम पर वोटर लिस्ट से नाम काटे जा रहे हैं, हालांकि इन आरोपों के बीच चुनाव आयोग ने एक अहम बैठक की और प्रेस नोट जारी कर अपनी स्थिति स्पष्ट की थी। आयोग ने कहा कि हाल के महीनों में देशभर में एसआईआर समेत कई फैसले लिए गए हैं। इस प्रेस नोट के बाद से भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है और कह रही है कि जब सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं तो फिर एक आयुक्त के मतभेद की बात कहां से आ रही है। प्रेस रिलीज में कहा गया था, ÷24 जून 2025 को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए एसआईआर का आदेश जारी किया गया था। इसकी शुरुआत बिहार से हुई, जिसके बाद पश्चिम बंगाल और 30 अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में यह प्रक्रिया शुरू की गई। यह आदेश आयोग की सर्वसम्मत मंजूरी से जारी किया गया था।

# जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार कानून' को मजबूत करने के लिए सात सदस्यीय कमेटी के साथ विस्तृत विचार-विमर्श करेंगे मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

- श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गठित पैनल से परामर्श कर प्रस्तावित संशोधनों की की जाएगी समीक्षा
- हमारी सरकार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्रता की रक्षा के लिए मजबूत कानून बनाने के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

डेली आवाज भारती



**चंडीगढ़/सुकून महाजनः** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026' में संशोधनों की समीक्षा करने और सुझाव देने के लिए श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गठित पैनल के साथ समन्वय के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित सात सदस्यीय उच्चस्तरीय कमेटी के साथ विस्तृत विचार-विमर्श करेंगे। यह बैठक रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर होगी और इसमें कानून को और मजबूत करने के लिए आगामी कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रस्तावित संशोधनों में सभी कानूनी और प्रक्रियात्मक पहलुओं को व्यापक रूप से शामिल किया जाए।

राज्य सरकार द्वारा गठित इस उच्चस्तरीय कमेटी में श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह, दमदमी टकसाल के प्रमुख संत ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा, संत बाबा सेवा सिंह रामपुर खेड़ा, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जसपाल सिंह, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गुरबीर सिंह, आईपीएस (सेवानिवृत्त) जतिंदर सिंह औलख और लॉ अफसर प्रीत इंदर पाल सिंह शामिल हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷हमारी सरकार एक मजबूत कानून बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी करने के बारे में सोचने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए प्रभावी रोक के रूप में काम करेगा। अतीत में हुई बेअदबी की घटनाओं ने लाखों लोगों की भावनाओं और मानसिकता को गहरी ठेस पहुंचाई है और यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्रता और मर्यादा पूरी तरह सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷मैं परमात्मा का आभारी हूं कि मुझे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की मर्यादा और पवित्रता की रक्षा के लिए समर्पित कानून लाने का अवसर मिला। यह विधेयक कानूनी विशेषज्ञों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया था, जिसका स्पष्ट उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि इसमें ऐसी कोई कानूनी कमी न रह जाए, जिसका भविष्य में इसकी प्रभावशीलता को कमजोर करने के लिए दुरुपयोग किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा, ÷हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि कानून व्यापक, पुख्ता और समय की कसौटी पर खरा उतरने में सक्षम हो। कोई भी व्यक्ति बेअदबी के कृत्य की जवाबदेही से बचने के लिए किसी कानूनी कमी का लाभ न उठा सके। कानून के हर पहलू की बहुत सावधानी से समीक्षा करने की आवश्यकता है, ताकि इसके उद्देश्य को प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सके। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷सात सदस्यीय कमेटी श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गठित पैनल से परामर्श करके कानून के हर पहलू की समीक्षा करेगी और राज्य सरकार को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करेगी। प्रस्तावित संशोधनों पर व्यापक चर्चा की जाएगी, ताकि सभी कानूनी और प्रक्रियात्मक पहलुओं का उचित समाधान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷हम श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी से जुड़ी भावनाओं का पूरा सम्मान करते हैं और यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे कि कानून बेअदबी के विरुद्ध सबसे मजबूत ढांचा प्रदान करे। साथ ही प्रस्तावित संशोधनों को पूरी संवेदनशीलता, जिम्मेदारी तथा संवैधानिक एवं कानूनी सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷उद्देश्य स्पष्ट है कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्रता पूरी तरह बरकरार रहे और कानून अपने उद्देश्य को प्रभावी ढंग से पूरा करे। मुझे उम्मीद है कि समिति का विचार-विमर्श सिख पंथ की भावनाओं के अनुरूप परिणाम देगा और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्रता की रक्षा के लिए कानूनी ढांचे को और मजबूत करेगा।

# बलबीर सिंह बताएं कि क्या उन्होने कभी पंजाब के किसी बीमार व्यक्ति के लिए बंगला खोला और उन्होने गायत्री बिश्नोई पर इतनी 'दया' क्यों दिखाई?: बीबा हरसिमरत कौर बादल


डेली आवाज भारती



**पटियाला/चंडीगढ़।** शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एंव बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज सेहत मंत्री बलबीर सिंह से सवाल पूछा कि क्या उन्होने पंजाब के पंजाब के किसी भी बीमार के लिए अपना मंत्री बंगला खोला और उन्होने राजस्थान की रहने वाली गायत्री बिश्नोई पर 'दया' क्यो की और अपना बंगला उन्हें क्यों सौंप दिया? बठिंडा सांसद ने यहां और समाणा में मावां-धीयां की विशाल रैलियों को संबोधित किया, जिसमें हजारों महिलाएं शामिल हुई , जिन्होने अकाली दल की ड्रग विरोधी अभियान को एक जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। यह कहते हुए कि स्वास्थ्य मंत्री को बताना चाहिए कि उन्होने गायत्री बिश्नोई और उनके परिवार के प्रति इतनी दयालुता क्यों दिखाई? बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा,'' बलबीर सिंह पहले से ही विवादों में घिरें हैं क्योंकि पार्टी की एक महिला नेता ने उन पर यौन उत्पी न का आरोप लगाया है। उन्होने साफ-साफ बताना चाहिए कि उन्होने अपने मंत्री बंगले का दुरूपयोग क्यों होने दिया।'' उन्होने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार को यह भी बताना चाहिए कि वह पंजाबियों के लिए आवंटित पैसा और संसाधन बाहरी लोगों को क्यों सौंप रही है। बीबा बादल ने राज्य में 16 मेडिकल कॉलेज खोलने का वादा करने के बाद भी एक भी मेडिकल कॉलेज नही खोलने के लिए बलबीर सिंह की निंदा की। उन्होने कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज से जुे राजिंदरा अस्पताल की हालत इतनी खराब है कि डॉक्टरों को टॉर्च की रोशनी में ऑपरेशन करने के लिए मजबूर होना पे ता है। उन्होने यह भी बताया कि पिछले साल समाणा में खनन माफिया के तेज रफ्तार से लदे टिपर की टक्कर के कारण 7 बच्चों की मौत हो गई थी, लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नही की गई। उन्होने कहा,'' समाणा का स्थानीय सरकारी अस्पताल की भी बहुत बुरी हालत है।'' उन्होने कहा,'' बठिंडा एम्स में बनी सुविधाओं को देखकर आप समझ जाएगें कि पिछली अकाली दल सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में क्या उपलब्धि हासिल की।'' पंजाब में ड्रग के प्रसार के बारे में बोलते हुए बीबा बादल ने कहा,'' जहां हमारे नौजवान नशे की ओवरडोज से मर रहे हैं, वहीं महिलाएं भी असुरक्षित हो गई हैं। चेने स्नैचिंग और लूटपाट की घटनाएं बे गई हैं।'' उन्होने कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं,क्योंकि वह चार महीनों में नशे के खतरे को खत्म करने के अपने वादे को पूरा करने में नाकाम रहे हैं।

# शीर्ष पदों पर बैठे लोग एक खास पार्टी का प्रचार कर रहे : चुनाव आयोग पर प्रियंका गांधी का बड़ा हमला, सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

डेली आवाज भारती



**कांग्रेस** सांसद ने आयोग के कामकाज को बताया 'गैरकानूनी और अनैतिक' कहा–निष्पक्ष चुनाव पर लगा प्रश्नचिह्न आयोग के भीतर मतभेद की रिपोर्ट के बाद विपक्ष हुआ हमलावर, ज्ञानेश कुमार पर मनमाने फैसलों के आरोप प्रियंका गांधी का सवाल–'जब व्यवस्था संभालने वालों का ही झुकाव हो, तो लोकतंत्र कैसे सुरक्षित रहेगा?'

नई दिल्ली/वायनाड। भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) की कार्यप्रणाली और उसकी संवैधानिक निष्पक्षता को लेकर राजनीतिक विवाद और गहरा गया है। कांग्रेस महासचिव और केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर सीधा और तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वे एक खास राजनीतिक दल के पक्ष में काम कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने इस पूरे प्रकरण को 'गैरकानूनी और अनैतिक' करार देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त से तत्काल प्रभाव से इस्तीफे की मांग की है। रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि जिन संस्थाओं और संवैधानिक पदों पर देश की पूरी चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी है, उनका किसी एक दल के प्रति झुकाव होना लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

प्रियंका गांधी ने चुनाव आयोग की स्वायत्तता पर सवाल खड़े करते हुए कहा-खुला राजनीतिक झुकाव÷जिन लोगों पर देश की चुनावी व्यवस्था और संस्थाओं को निष्पक्ष ढंग से चलाने की ज़िम्मेदारी है।

# ग्राहक ने मैगी के पैकेट में कीड़े मिलने का लगाया आरोप, नेस्ले इंडिया ने दिया जवाब

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** एक ग्राहक की ओर से कथित तौर पर मैगी नूडल्स में कीड़े और लार्वा मिलने के आरोपों के बाद, नेस्ले इंडिया ने मामले पर प्रतिक्रिया दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई के कल्याण इलाके के एक ग्राहक ने मैगी नूडल्स का पैकेट तैयार करते समय उसमें कीड़े और लार्वा मिलने का दावा किया। रिपोर्ट में बताया गया कि पैकेट पर फरवरी 2027 की एक्सपायरी डेट दर्ज थी। इससे सवाल उठ रहे हैं कि उत्पाद की शेल्फ लाइफ खत्म होने से काफी पहले वो खराब कैसे हो सकता है। इस घटना ने देशभर में बड़े पैमाने पर खाए जाने वाले पैकेज्ड फूड उत्पादों की खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को लेकर एक बार फिर बहस छेड़ दी है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) राज्यभर में खाद्य मिलावट और खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एफडीए से मामले का संज्ञान लेने और संबंधित उत्पाद के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराने की मांग की गई है, ताकि शिकायत की सत्यता का पता लगाया जा सके और किसी संभावित गुणवत्ता संबंधी समस्या की पहचान हो सके। रिपोर्ट्स पर प्रतिक्रिया देते हुए नेस्ले इंडिया ने कहा कि कंपनी अपनी निर्माण प्रक्रिया के दौरान कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों और खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करती है। नेस्ले इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हमें इस मामले की जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से मिली है और अभी तक उपभोक्ता या अधिकारियों ने हमसे संपर्क नहीं किया है।

# विधानसभा चुनावों से ठीक पहले पंजाब की प्राइवेट यूनिवर्सिटीज़ में विरोध-प्रदर्शन क्यों भड़क उठे ?

डेली आवाज भारती



लुधियाना। चितकारा से स्क्तक- सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि वाले दावों के फैलने के बाद, पंजाब की दो प्रमुख प्राइवेट यूनिवर्सिटीज़ में बड़े पैमाने पर छात्रों का विरोध-प्रदर्शन हुआ, जिससे छात्रों में डर और गुस्सा फैल गया। बाद में ये दोनों घटनाएं हिंसक हो गईं। पहला विरोध-प्रदर्शन शुक्रवार रात राजपुरा के पास चितकारा यूनिवर्सिटी में हुआ, और उसके बाद शनिवार रात फगवाड़ा की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (स्क्त) में अशांति फैल गई। दोनों ही मामलों में, पुलिस और यूनिवर्सिटी अधिकारियों ने ऑनलाइन फैल रहे दावों को गलत बताया और कहा कि उन्हें साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि छात्र सुरक्षित हैं। इन घटनाओं ने इस बात पर चिंता बढ़ा दी है कि कैसे अफवाहें और बिना पुष्टि वाले वीडियो या सोशल मीडिया पोस्ट बड़ी यूनिवर्सिटी कैंपस में कितनी तेज़ी से तनाव और अशांति पैदा कर सकते हैं। पहली घटना 25 सितंबर की रात को हुई, जब सोशल मीडिया पोस्ट और रील्स में यह दावा किया गया कि गर्ल्स हॉस्टल से दो छात्राएं लापता हो गई हैं या उन्होंने आत्महत्या कर ली है। कुछ पोस्ट में एक कथित फ्भूतफ् का भी ज़िक्र किया गया और दावा किया गया कि हॉस्टल से चीखने-चिल्लाने की आवाज़ें सुनी गई थीं। इन दावों से छात्रों में घबराहट फैल गई और विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए, जो देर रात तक जारी रहे। बड़ी संख्या में छात्र कैंपस में जमा हुए और यूनिवर्सिटी अधिकारियों से जवाब मांगा। उन्होंने अधिकारियों से ष्टष्टञ्ज फुटेज की जांच करने और आरोपों के बारे में जानकारी देने को भी कहा। बाद में यह विरोध-प्रदर्शन हिंसक हो गया। कैंपस की कुछ संपत्ति को नुकसान पहुँचाया गया और आरोप है कि पंजाब पुलिस की इमरजेंसी रिस्पॉन्स गाड़ी पर हमला किया गया, जिससे उसका सामने का शीशा टूट गया। चितकारा यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार कर्नल राकेश शर्मा (रिटायर्ड) और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी छात्रों से बात की और इन दावों को खारिज कर दिया। पुलिस ने यह भी कहा कि छात्र कथित तौर पर लापता छात्रों के नाम या पहचान नहीं बता पाए। यूनिवर्सिटी और पुलिस ने पुष्टि की कि किसी छात्र की मौत नहीं हुई है और कोई भी छात्र लापता नहीं है। इन मैसेज से उन छात्रों के बीच चिंता फैल गई जो रविवार सुबह लड़कियों के हॉस्टल के पास जमा हुए थे। हालात तेज़ी से बिगड़ गए। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने कैंपस के अंदर ईंटें फेंकीं, खिड़कियों के शीशे तोड़े और कुछ चीज़ों में आग लगा दी। उन्होंने कैंपस के गेट भी तोड़ दिए और जालंधर-फगवाड़ा नेशनल हाईवे को जाम कर दिया, जिससे ट्रैफिक रुक गया। हालात को काबू में करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। कपूरथला के स्स्क्तगौरव तूरा ने बताया कि शुरुआती जांच में आरोपों की पुष्टि करने वाला कोई सबूत नहीं मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को कथित यौन उत्पीड़न के बारे में कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है। पुलिस ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और कैंपस तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, दोनों पर नज़र रखी जा रही है। विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हुई ये घटनाएँ ये घटनाएँ ऐसे समय में हुई हैं जब पंजाब चुनावी साल में प्रवेश कर रहा है, जिससे गलत जानकारी और बिना पुष्टि वाले दावों का कानून-व्यवस्था पर संभावित असर पड़ने को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं। स्क्त के संस्थापक और चांसलर अशोक मित्तल, स्क्तके राज्यसभा सदस्य हैं, जो अप्रैल में स्क्तमें शामिल हुए थे।

CMYK

page 2_Layout 1 27-09-2026 17:08 Page 1



# हरियाणा: मुख्यमंत्री नायब सैनी ने फरीदाबाद में 'नमो' मैराथन को दिखाई हरी झंडी, शिखर धवन हुए शामिल

डेली आवाज भारती



**फरीदाबाद। हरियाणा** के फरीदाबाद में रविवार को बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी के साथ 'नमो' मैराथन आयोजित की गई। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने व 'नशा मुक्त हरियाणा' बनाने में योगदान देने का आग्रह किया। इस 'नमो' मैराथन पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन भी शामिल हुए। फरीदाबाद पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री सैनी ने 'नमो' मैराथन को हरी झंडी दिखाई और सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यहां युवाओं का जनसैलाब उमड़ा है। मैं आप सभी को इस नमो मैराथन के लिए दिल से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं सूरजकुंड की पवित्र धरती से पूरे फरीदाबाद को प्रणाम करता हूं। सीएम सैनी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम नशीले पदार्थों से दूर रहें और अपने युवाओं और हरियाणा को नशा-मुक्त बनाएं। मैं आपका उत्साह देख सकता हूं। यह सचमुच मुझे बहुत खुशी देता है। जब इस नमो मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ, तो 1,35,000 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था और आज 1,35,000 से अधिक प्रतिभागी इस दौड़ में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी को शपथ दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि न तो हम खुद नशा करेंगे और न ही किसी और को ऐसा करने देंगे। हम युवाओं की ऊर्जा को नशे में नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में लगाएंगे। उन्होंने कहा कि 'नशा-मुक्त' हरियाणा हमारा संकल्प है, 'स्वस्थ हरियाणा' हमारी पहचान है और 'विकसित भारत' हमारा लक्ष्य है। उन्होंने अपने संबोधन का समापन करते हुए कहा कि हर घर में हंसी और हर आंगन में खुशहाली हो। अब नशे की जगह सपनों का उजाला होगा और हरियाणा को नशा मुक्त बनाने का संकल्प पूरा किया जाएगा।

# IPS राजेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व में फरीदाबाद हाफ मैराथन में मुख्यमंत्री की सुरक्षा के व्यापक पुलिस बंदोबस्त

डेली आवाज भारती



**एक** लाख से अधिक लोगों की भागीदारी, मैराथन रूट से लेकर वीआईपी मूवमेंट तक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था रही चाक-चौबंद फरीदाबाद। फरीदाबाद में आयोजित हाफ मैराथन में एक लाख से अधिक लोगों की भागीदारी रही। आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री की सुरक्षा और प्रतिभागियों की सुरक्षा को लेकर आईपीएस राजेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की। मैराथन रूट, कार्यक्रम स्थल, स्टेज क्षेत्र और वीआईपी मूवमेंट वाले स्थानों पर विभिन्न पुलिस टीमों की तैनाती की गई। पुलिस प्रशासन के अनुसार, बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को देखते हुए मैराथन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात को सुचारु रखने और मुख्यमंत्री सहित अन्य विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पहले से विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार की गई थी। 27 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम के लिए पुलिसकर्मियों को निर्धारित समय से पहले ही उनके ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात किया गया। संबंधित टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभालने के साथ लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।


पुलिस अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि मैराथन में शामिल प्रतिभागियों, आम नागरिकों और विशिष्ट व्यक्तियों की आवाजाही व्यवस्थित रहे। भीड़ के कारण किसी स्थान पर अव्यवस्था उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिसकर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था में QRS, W-Police और अन्य विशेष पुलिस टीमों को शामिल किया गया। इन टीमों को कार्यक्रम स्थल, स्टेज क्षेत्र और मुख्यमंत्री के आवागमन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया। इसके अलावा क्लोज प्रोटेक्शन टीम (CPT) और रिंग राउंड टीम को भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया। इन टीमों ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल के आसपास सुरक्षा घेरा बनाए रखने और आवश्यकतानुसार तत्काल प्रतिक्रिया देने की जिम्मेदारी संभाली। आईपीएस राजेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की निगरानी में विभिन्न सुरक्षा दलों ने समन्वय के साथ कार्य किया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार आपसी समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

मैराथन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया, ताकि निर्धारित दौड़ मार्ग पर प्रतिभागियों की आवाजाही सुचारु रहे और आम यातायात के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं बनी रहें।

# पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी में 'जश्न-ए-इंकलाब' को लेकर ट्रैफिक प्लान जारी, 28 सितंबर को कई रूटों पर डायवर्जन

डेली आवाज भारती




**लुधियाना/रवीश कपूर।** पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी कैंपस में 28 सितंबर 2026, सोमवार को आयोजित होने वाले जश्न-ए-इंकलाब कार्यक्रम को लेकर कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना के ट्रैफिक विंग ने विस्तृत ट्रैफिक रूट प्लान एवं डायवर्जन व्यवस्था जारी की है। बड़ी संख्या में लोगों के कार्यक्रम में पहुंचने की संभावना को देखते हुए भारी वाहनों और सामान्य यातायात के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। ट्रैफिक प्लान के अनुसार समराला, दोराहा, राहों, रायकोट, मलेरकोटला, फिल्लौर, हम्बड़ां सहित विभिन्न दिशाओं से आने वाले भारी वाहनों को कार्यक्रम क्षेत्र से दूर निर्धारित वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने भारी वाहनों की आवाजाही के लिए अलग रूट चिन्हित किए हैं, ताकि पीएयू कैंपस के आसपास यातायात का दबाव कम रखा जा सके।

**पीएयू के आसपास विशेष डायवर्जन :** कार्यक्रम के दौरान सामान्य वाहनों, कार्यक्रम से संबंधित वाहनों और आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। ट्रैफिक प्लान में जालंधर बाईपास, लाडोवाल चौक, समराला चौक, साहनेवाल चौक, ढंडारी कलां, शेरपुर चौक, टिब्बा कैनाल ब्रिज, डेहलो चौक, बी-7 चौक, मलिकपुर चौक तथा साउथ सिटी क्षेत्र को प्रमुख रूट के रूप में दर्शाया गया है।

**पासधारकों के लिए अलग प्रवेश और पार्किंग व्यवस्था :** पीएयू कैंपस में आने वाले पासधारकों के लिए अलग-अलग एंट्री गेट और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। पुलिस के सुरक्षा प्लान में विभिन्न श्रेणियों के पासधारकों के लिए अलग पार्किंग क्षेत्रों के साथ-साथ बसों और भारी वाहनों के लिए भी विशेष पार्किंग व्यवस्था दर्शाई गई है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे 28 सितंबर को पीएयू की ओर जाते समय निर्धारित रूट और पार्किंग व्यवस्था का पालन करें, अनावश्यक रूप से डायवर्ट किए गए मार्गों पर जाने से बचें और ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें। लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस द्वारा जारी रूट प्लान का उद्देश्य कार्यक्रम के दौरान यातायात को सुचारु बनाए रखना तथा आम लोगों, श्रद्धालुओं/कार्यक्रम में आने वाले लोगों और आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही को व्यवस्थित रखना है।

# ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने धूरी शहर में करीब 90 लाख रुपये के विकास कार्यों शुरुआत की

डेली आवाज भारती



**धूरी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा धूरी शहर के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने आज धूरी शहर में करीब 90 लाख रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों की शुरुआत की।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि धूरी शहर की बैंक रोड, शुगर मिल रोड, पाठशाला रोड तथा कक्कड़वाल से डबल फाटक तक चार प्रमुख सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इन सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कर लोगों को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में लाइब्रेरी में बन रहे पार्क, क्लॉक टावर और बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण कार्य भी आने वाले कुछ दिनों में पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं संबंधी जानकारी देते हुए ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने बताया कि धूरी अस्पताल के लिए नई पदों को मंजूरी मिल चुकी है, जिन्हें जल्द भरा जाएगा। इससे अस्पताल में मरीजों को और बेहतर एवं सुचारू स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पिछले चार वर्षों से धूरी शहर और विधानसभा क्षेत्र के गांवों में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा संबंधित ठेकेदारों और एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि धूरी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में लोगों के साथ लगातार संपर्क कायम करते हुए विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया जा रहा है।

# उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी, हिमाचल और यूपी में भी बहुत तेज वर्षा की आशंका

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग की ओर से रविवार को उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। हिमाचल प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी बहुत तेज बारिश की आशंका जताई गई है। उत्तराखंड में बीते दिन बारिश का दौर जारी रहा। देहरादून, टिहरी, हरिद्वार और पौड़ी जिलों के लिए मौसम विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम को देखते हुए चार धाम यात्रा पर रोक लगा दी गई है। वहीं, पिथौरागढ़, चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की वजह से तापमान में भी भारी गिरावट आई है। बता दें कि उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश और उससे सटे उत्तरी छत्तीसगढ़ के ऊपर बने डिप्रेशन के असर से, बीते दिन और आज (रविवार) को उत्तराखंड समेत उत्तरी, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश और कहीं-कहीं बहुत ज्यादा या असाधारण रूप से भारी बारिश होने की आशंका है।

आईएमडी की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा की गई है कि दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर बना डिप्रेशन पिछले 6 घंटों के दौरान 12 किमी/घंटा की रफ्तार से उत्तर और उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा है। जिसकी वजह से बीते दिन यह लखनऊ से लगभग 40 किमी दक्षिण-पूर्व, कानपुर से 80 किमी पूर्व-उत्तर-पूर्व, बहराइच से 110 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम और बरेली से 260 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित था।

# पंजाब: एसजीपीसी के पूर्व सदस्य अमरजीत चावला के घर पहुंची पुलिस, परिवार के लोगों से पूछताछ

डेली आवाज भारती



**लुधियाना।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य अमरजीत सिंह चावला के खिलाफ श्री आनंदपुर साहिब पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए घर पर छापा मारा है। अमरजीत सिंह चावला के खिलाफ श्री आनंदपुर साहिब में दुष्कर्म का मामला दर्ज है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, श्री आनंदपुर साहिब पुलिस ने आरोपी अमरजीत सिंह चावला के लुधियाना स्थित घर पर जांच पड़ताल की है। इस दौरान, परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की गई है। यह भी बताया गया कि पुलिस की कार्रवाई के बीच शिरोमणि अकाली दल के वकील परोपकार सिंह घुम्मण भी अमरजीत सिंह चावला के घर पहुंचे हैं। दरअसल, 21 अगस्त को एक महिला की शिकायत पर श्री आनंदपुर साहिब में चावला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 64, 127(2) और 351(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। एक महिला ने आरोप लगाया था कि उसे श्री आनंदपुर साहिब स्थित एक सराय में बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

दुष्कर्मों के आरोपों के बाद पिछले सप्ताह सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त के पांच सिंह साहिबानों ने अमरजीत सिंह चावला को सिख पंथ से निष्कासित कर दिया। यह फैसला अकाल तख्त सचिवालय में हुई बैठक में लिया गया। इसकी घोषणा अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार कुलदीप सिंह गर्गज ने की। अकाल तख्त ने चावला के खिलाफ आनंदपुर साहिब में दर्ज रेप मामले को गंभीर पंथिक अनुशासनहीनता और सिख मर्यादा के उल्लंघन से जुड़ा मामला मानते हुए %गुरमाता% पारित किया और उन्हें सिख पंथ से बाहर करने का फैसला सुनाया।

इसके साथ ही अकाल तख्त ने अपने अतिरिक्त हेड ग्रंथी ज्ञानी मलकीत सिंह को भी पंथ से निष्कासित किया। उन पर एक महिला को अश्लील संदेश भेजने का आरोप है। महिला की शिकायत में अकाल तख्त के अतिरिक्त हेड ग्रंथी मलकीत सिंह और तख्त केसगढ़ साहिब के चालक मोहन सिंह के नाम भी शामिल थे।

# विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन मंत्रालय ने दिल्ली में चलाया स्वच्छता अभियान, की सफदरजंग के मकबरे पर सफाई

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** विश्व पर्यटन दिवस पर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने रविवार को 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के तहत दिल्ली के सफदरजंग इलाके में मकबरे पर सफाई अभियान चलाया। इस पहल का मकसद स्वच्छता, नागरिक जिम्मेदारी और भारत की धरोहरों के संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस अभियान में पर्यटन मंत्रालय के सचिव भुवनेश कुमार के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी और प्रमुख हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन संस्थानों के लगभग 200 छात्र और फैकल्टी सदस्य शामिल हुए। भाग लेने वाले संस्थानों में आईएचएम पूसा, इंडियन कलिनरी इंस्टीट्यूट (आईसीआई) नोएडा, एनसीएचएमसीटी, आईआईटीटीएम नोएडा और एआईएचएम शामिल थे। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के सचिव भुवनेश कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हर साल 27 सितंबर को 'विश्व पर्यटन दिवस' मनाया जाता है। आज भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय विश्व पर्यटन दिवस मना रहा है। इस मौके पर 16 सितंबर से 30 सितंबर तक मनाए जा रहे 'स्वच्छता पखवाड़ा' के तहत, सफदरजंग मकबरे पर कई संस्थाओं, टूरिस्ट गाइड फेडरेशन और मंत्रालय के अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन मंत्रालय की इस पहल का उद्देश्य सफाई के साथ-साथ पर्यटनों पर स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों को जागरुक करना है। सचिव भुवनेश कुमार ने कहा कि सभी पर्यटन स्थल स्वच्छ होने चाहिए, ताकि विदेशी पर्यटकों को सुखद अनुभव हो और वे भारत के प्रति अच्छी छवि लेकर जाएं। वहीं, विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, हर मंजिल के आगे कुछ नया होता है। संस्कृति, परंपरा, कोई कहानी या ऐसा अनुभव जो सामने आने का इंतजार कर रहा हो। इस 'विश्व पर्यटन दिवस' पर, नई चीजें खोजने की खुशी और उन कई अनुभवों का जश्न मनाएं, जो हर सफर को सार्थक बनाते हैं। खोजने के लिए हमेशा कुछ न कुछ नया होता है।

# केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने जयंती पर अशोक सिंघल को किया याद और नमन

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख सूत्राधार एवं विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की जयंती पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अर्जुन राम मेघवाल समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री ने याद करते हुए नमन किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पोस्ट में कहा, विश्व हिंदू परिषद के शिखर पुरुष अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें विनम्र अभिवादन। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर लिखा, श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व संरक्षक एवं प्रखर राष्ट्रभक्त अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन !सनातन संस्कृति के जागरण, समाज को एकजुट करने और प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने में आपका योगदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने एक्स पर पोस्ट किया, राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन होम कर देने वाले, श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के ध्वजवाहक, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अध्यक्ष, श्रद्धेय अशोक जी सिंघल की जयंती पर उन्हें कोटिश- नमन अर्पित करता हूं !भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में समर्पित आपका जीवन सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रणेता और भव्य श्री राम मंदिर के निर्माण के संकल्प को अपनी जीवन-साधना बनाने वाले अशोक सिंघल की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि' राम, राष्ट्र एवं सनातन संस्कृति के प्रति समर्पित उनका तपस्वी जीवन सांस्कृतिक स्वाभिमान और राष्ट्र-साधना की अमिट प्रेरणा बना रहेगा। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक्स पर लिखा, श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख ध्वजवाहक एवं विश्व हिन्दू परिषद के शिखर पुरुष श्रद्धेय अशोक सिंघल की जयंती पर सादर नमन। धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण तथा श्रीराम मंदिर आंदोलन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट किया, ÷श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व संरक्षक एवं प्रखर राष्ट्रभक्त पूज्य अशोक सिंघल जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! सनातन संस्कृति के जागरण, समाज को एकजुट करने और प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने में आपका योगदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट किया, ÷सनातन संस्कृति के प्रखर संवाहक, हिंदू समाज के संगठन और जागरण के लिए जीवन समर्पित करने वाले परम श्रद्धेय अशोक सिंघल की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

CMYK

page 3_Layout 1 27-09-2026 17:47 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ सोमवार, 28 सितंबर 2026

# विकसित भारत-2047 के निर्माण में आर्किटेक्ट्स की अहम भूमिका: सतनाम सिंह संधू

## पीएचडीसीसीआई के एईआर 2026 के पांचवें संस्करण में आर्किटेक्ट्स को किया सम्मानित

डेली आवाज भारती



**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के विजन को साकार करने में आर्किटेक्ट्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इनोवेटिव, सस्टेनेबल और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने में आर्किटेक्ट्स महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उक्त विचार राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 'आर्किटेक्चर एक्सीलेंस रिकग्निशन 2026' के 5वें संस्करण को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में आर्किटेक्ट्स और अन्य प्रोफेशनल्स के सक्रिय योगदान से ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। संधू ने आर्किटेक्चर के क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स को पहचान और प्रोत्साहन देने के लिए पीएचडीसीसीआई का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान न केवल प्रोफेशनल्स को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उनमें अपने कार्य और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं तो हमारे सामने आधुनिक इमारतों, पुलों, इंफ्रास्ट्रक्चर और समग्र विकास की तस्वीर उभरती है।

इन ढांचों को डिजाइन करने और आकार देने में आर्किटेक्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इमारतों के डिजाइन में मदद कर सकता है, लेकिन एक घर केवल ईंट-पत्थरों से नहीं बनता, बल्कि उसमें भावनाएं, संवेदनाएं और व्यक्तिगत आकांक्षाएं भी जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि एक आर्किटेक्ट, कॉन्ट्रैक्टर और मालिक मिलकर एक सुंदर और सार्थक घर का निर्माण कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आर्किटेक्ट्स को भविष्य की शहरी चुनौतियों से निपटने के लिए नए सुझावों और इनोवेटिव आइडियाज के साथ आगे आना चाहिए। इस अवसर पर पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चैप्टर के चेयर रजनीश बंसल ने कहा कि 'आर्किटेक्चर एक्सीलेंस रिकग्निशन' का 5वां संस्करण आर्किटेक्ट्स के उत्कृष्ट कार्य को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के प्रति चैंबर की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीएचडीसीसीआई के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल नवीन सेठ ने कहा कि चैंबर ऐसे मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जो नए विचारों को प्रोत्साहित करें।

कार्उंसिल ऑफ आर्किटेक्चर, इंडिया के पूर्व अध्यक्ष आर्किटेक्ट हबीब खान (जूरी चेयर), आर्किटेक्ट सुरिंदर बग्गा, आर्किटेक्ट मनमोहन खन्ना, आर्किटेक्ट रितु सिंह, आर्किटेक्ट नीलाक्षी शर्मा, आर्किटेक्ट लोगनाथन और विवेक गुप्ता जूरी में शामिल थे।इस अवसर पर 'लाइफटाइम अचीवमेंट ङ्क एजुकेटर' पुरस्कार डॉ. प्रभजोत कौर को प्रदान किया गया, जबकि 'लाइफटाइम अचीवमेंट ङ्क प्रैक्टिसिंग आर्किटेक्ट' सम्मान आर्किटेक्ट जयेश हरियानी को मिला।

आर्किटेक्ट एन. के. नेगी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट ङ्क हिल आर्किटेक्चर' सम्मान से नवाजा गया, जबकि आर्किटेक्ट सपना कुमार को 'लाइफटाइम अचीवमेंट ङ्क वुमन आर्किटेक्ट, गवर्नमेंट सर्विस' पुरस्कार प्रदान किया गया। 'लाइफटाइम अचीवमेंट ङ्क पब्लिक सर्विस' सम्मान आर्किटेक्ट विजय उप्पल को दिया गया।

'इंटीरियर डिजाइनर ऑफ द ईयर 2026' का सम्मान आर्किटेक्ट प्रेरणा अग्रवाल को मिला। मेरिल सावित्री मुद्दामल्ले को 'हार्बिंगर ऑफ चेंज ऑफ द ईयर 2026' के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि आर्किटेक्ट इशरत नौशेहरी और आर्किटेक्ट सौरभ चंद्रा को 'आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर 2026' का सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर आर्किटेक्चर और निर्माण क्षेत्र से जुड़े कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# बीएसएफ ने 12 किलो 301 ग्राम हेरोइन के साथ तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार तस्करों और हेरोइन के कब्जे में लेकर पुलिस ने शुरु की जांच-पड़ताल:एसएसपी सिद्धू
- पुलिस ने बीओपी कस्सोके बीएसएफ के सहायक कमांडेंट के बयान पर दोषियों पर दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती



बीएसएफ की तरफ से पकड़े गए तस्करों व बरामद की गई हैरोइन संबंधी जानकारी देते हुए एसएसपी फिरोजपुर भूपिंदर सिंह सिद्धू।

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** भारत-पाक सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने बीते दिन बीओपी कस्सोके के क्षेत्र से तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से करोड़ों रुपए की कीमत की 12 किलो 301 ग्राम हेरोइन की बड़ी खेप बरामद की है। उक्त बरामद की गई हेरोइन और गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर राजेश कुमार सहायक कमांडेंट बीएसएफ बीओपी कस्सोके के बयान पर थाना सदर फिरोजपुर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जिक्रयोग है कि सूत्रों से मिली जानरकारी अनुसार गिरफ्तार किए गए तस्करों की तरफ से उक्त हेरोइन की बड़ी खेप पाकिस्तान के समगलरों से मंगवाई गई है, जोकि उनकी तरफ से पंजाब व अन्य जगहों पर डिलीवर की जानी थी। यह जानकारी देते हुए एसएसपी फिरोजपुर भूपिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि बीते दिन थाना सदर फिरोजपुर के इंस्पैक्टर गुरविन्द्र कुमार को राजेश कुमार सहायक कमांडेंट बीएसएफ बीओपी कस्सोके ने बताया कि बीएसएफ की तरफ से साजन सिंह पुत्र सुच्चा सिंह, बोबी सिंह पुत्र सुच्चा सिंह व सुच्चा सिंह पुत्र टेक सिंह वासी ढाणी राजपूता गांव किलचे को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 12 किलो 301 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतर्राष्ट्री बाजार में करोड़ों की कीमत है। एसएसपी फिरोजपुर ने बताया कि उक्त मामलें में इंस्पैक्टर गुरविन्द्र कुमार ने उप कप्तान सुखविन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किए तीनों नशा तस्करों एवं बरामद की गई 12 किलो 301 ग्राम हेरोइन को अपने कब्जे में लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस पुलिस गिरफ्तार किए तस्करों से पूछताछ कर रही है कि वह उक्त हेरोइन कहां से लेकर आए है और उन्होंने उक्त हेरोइन को आगे किसे डिलीवर करना है, ताकि उक्त मामलें में अहम सुराग हाथ लग सके। इसके साथ ही पुलिस ने उक्त दोषियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है।

# जीरा सदर पुलिस ने 2 ग्राम हेरोइन के साथ एक को गिरफ्तार किया

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** **थाना जीरा** सदर की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बंडाला पुराणा के नजदीक से एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सदर के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बंडाला पुराणा के नजदीक से शक के अधार पर अमनपाल सिंह उर्फ फौजी पुत्र सुरजीत सिंह वासी सनेर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में अमनपाल सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

# पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला ने संदीप कंबोज व राधे शाम को जिला कोआर्डीनेटर नियुक्त होने पर दी बधाई



पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला संदीप कंबोज व राधे शाम को नई जिम्मेवारी मिलने पर बधाई देते हुए।

डेली आवाज भारती

**गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): संदीप** कंबोज एवं राधे शाम को ओबीसी विभाग में जिला कोआर्डीनेटर नियुक्त होने पर पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला एवं उनके साथियों ने बधाई दी। मालूम हो कि माहमूजोईया से संदीप कंबोज को कांग्रेस पार्टी की तरफ से जिला फिरोजपुर के ओबीसी विभाग का कोआर्डीनेटर व गांव चक्क बन्न वाला से राधे शाम को जिला फाजिल्का के ओबीसी विभाग का कोआर्डीनेटर नियुक्त किया गया। जिस पर जलालाबाद से कांग्रेस के पूर्व विधायक रमिन्द्र सिंह आवला ने संदीप कंबोज और राधे शाम को बधाई देते हुए शुभकामनाऐं दी और लड्डुओं से उनका मुंह मिठा करवाकर उन्हें मिली नई जिम्मेवारी को ईमानदारी और लगन से अदा करने के लिए प्रेरित किया।

# सरकारी प्राइमरी स्कूल चक्क हामद में कमरे का रखा गया नींव पत्थर

डेली आवाज भारती



सरकारी प्राइमरी स्कूल चक्क हामद में कमरे का नींव पत्थर रखते हुए स्कूल प्रबंधक और अन्य।

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** स्कूल शिक्षा विभाग पंजाब द्वारा सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और छात्रों को बेहतर शैक्षिक माहौल मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत सरकारी प्राइमरी स्कूल चक्क हामद ब्लॉक फिरोजपुर-2 में स्कूल के नए कमरे के निर्माण के लिए विभाग द्वारा ग्रांट जारी की गई है। इस कमरे के निर्माण संबंधी बीते दिन नींव पत्थर स्कूल प्रमुख जगदीप घई, स्कूल चेयरमैन सिकंदर सिंह, सी.एच.टी कंवलबीर सिंह, सदस्य जोगिंदर सिंह व सतनाम सिंह और स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से रखा। इस अवसर पर स्कूल प्रमुख जगदीप घई ने कहा कि नए कमरे के निर्माण से छात्रों को पढ़ाई के लिए और अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों की जरूरतों के अनुसार बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि पंजाब के सरकारी स्कूलों को स्मार्ट और आधुनिक स्कूलों के रूप में विकसित करने के लिए विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है और बुनियादी ढांचे में हो रहा सुधार छात्रों के सीखने के स्तर को ऊंचा उठाने में अहम भूमिका निभाएगा। स्कूल प्रमुख ने स्कूल के लिए कमरे की जरूरत को पूरा करने पर जिला शिक्षा अधिकारी फिरोजपुर सुनीता रानी, उप जिला शिक्षा अधिकारी कोमल अरोड़ा और ब्लॉक प्राइमरी शिक्षा अधिकारी फिरोजपुर-2 राजन नरूला का धन्यवाद किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि स्कूल के विकास कार्यों में किसी भी तरह की ढील नहीं बरती जाएगी और छात्रों के हितों को प्राथमिकता देते हुए हर कार्य पूरी ईमानदारी, जिम्मेदारी और लगन से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजबूत बुनियादी ढांचा बच्चों के उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव होता है और स्कूल में नए कमरे का निर्माण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर स्कूल का समूह स्टाफ, कुक-कम-हेल्पर कुलविंदर कौर, मनजीत कौर, कैलाश कौर के अलावा स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 10वां बाबा खेत्रपाल जी का विशाल जागरण आज

डेली आवाज भारती



बाबा खेत्रपाल जी के मंदिर की तस्वीर जहां जागरण आयोजित किया जाऐगा।

**गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): बाबा** खेत्रपाल जी के मंदिर में विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर के सेवादार रवि शर्मा, मनोज मोंगा, लवली मैनी, सन्नी मैणी, डिंपल सिकरी, अर्श मोंगा और सोनू बब्बर ने बताया कि शहरवासियों के सहयोग से श्री मुक्तसर साहिब रोड पर स्थित बाबा खेत्रपाल जी के मंदिर में 10वां विशाल जागरण आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बाबा जी का गुणगान करने के लिए सोनम चौधरी वॉयस ऑफ हिमाचल पहुंच रही हैं। इसके साथ ही साहिल बाघला और लाडी बब्बर एंड पार्टी बाबा जी के भजनों का गुणगान करेंगे। इस मौके पर मंदिर को फूलों और सुंदर लाइटों से सजाया जा रहा है। मंदिर के सेवादारों ने स्थानीय निवासियों से हाथ जोडे र अपील की है कि वह इस धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और बाबा जी का आर्शीवाद प्राप्त करें। इस दौरान अटूट लंगर का भी आयोजन किया जाएगा।

# रंजिशन दो लोगों ने मोटरसाईकिल सवार युवक को मारपीट करके जख्मी किया

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** थाना जीरा सिटी की पुलिस ने बीते दिन रंजिशन एक मोटरसाईकिल सवार युवक को रास्ते में घेरकर उसे मारपीट करके जख्मी करने वाले एक व्यक्ति व उसके अज्ञात साथी के खिलाफ मारपीट रने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी जीरा के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता बलजीत सिंह पुत्र बलजिन्द्र सिंह वासी ग्रीन सिटी जीरा ने बताया कि वह बीते दिन जब अपने मोटरसाईकिल पर तेल डलवाने के लिए जा रहा था तो टिब्बा बस्ती ठेका शराब के नजदीक अमित भट्टी पुत्र अंग्रेज सिंह वासी मल्लेके रोड जीरा ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर उसके साथ रंजिशन मारपीट और उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। जिसके बाद पीड़ित को उसके परिजनों ने उपचार के लिए गुरु गोबिंद सिंह मैडीकल कालेज फरीदकोट में दाखिल करवाया है। मामले की जांच कर रहे जसविन्द्र सिंह ने ताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

# विजय शर्मा टिंकू ने गांव गब्बे माजरा वासियों की सुनी समस्याएं

डेली आवाज भारती



**खरड़,/संदीप अकालगढ़िया :** गांव गब्बे माजरा में आयोजित एक बैठक के दौरान हलका इंचार्ज खरड़ विजय शर्मा टिंकू ने गांववासियों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए विजय शर्मा टिंकू ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। आए दिन कोई न कोई वारदात और घटना सामने आ रही है, जिसके चलते लोगों में डर का माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि पंजाब सरकार ने कानून-व्यवस्था को सुधारने के लिए उचित कदम नहीं उठाए तो आने वाला समय प्रदेश के लिए गंभीर चुनौतियां लेकर आ सकता है। विजय शर्मा टिंकू ने आरोप लगाया कि गांवों के विकास के नाम पर पंजाब सरकार की ओर से केवल कागजों और बड़े-बड़े पोस्टरों व होर्डिंग्स के माध्यम से लोगों को विकास कार्यों के बारे में गुमराह किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्यों की स्थिति कुछ और है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के लिए सरकार को धरातल पर प्रभावी ढंग से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से लोगों के अधिकारों और समस्याओं को लेकर पंजाब सरकार के खिलाफ संघर्ष किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से कांग्रेस पार्टी का साथ देने की अपील भी की। इस अवसर पर गांव गब्बे माजरा के सरपंच गुलबाग सिंह, गगनदीप सिंह तोले माजरा, मास्टर सुखजीत सिंह सवाड़ा, जसवीर सिंह फैजगढ़, बंटी रसनहेड़ी, सुखजीत सिंह गब्बे माजरा, पूर्व सरपंच मलकीत सिंह, जगदेव सिंह, भूपिंदर सिंह, मनसा सिंह, कुलदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह और मलागर सिंह सहित बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

# यूनाइटेड एमेच्योर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीमें ऑल इंडिया मल्टी-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप, गोवा के लिए रवाना

डेली आवाज भारती



**अमृतसर ( सलोनी नेहा गिल)** यूनाइटेड एमेच्योर स्पोर्ट्स एकेडमी के अलग-अलग एज ग्रुप के खिलाड़ियों की टीमें ऑल इंडिया मल्टी-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप, गोवा में हिस्सा लेने के लिए अमृतसर से गोवा के लिए रवाना हो गई हैं। इन टीमों में अलग-अलग एज ग्रुप के खिलाड़ी शामिल हैं, जो चैंपियनशिप के दौरान अलग-अलग खेलों में अपनी स्पोर्ट्स प्रतिभा और स्किल्स दिखाएंगे। अकादमी के सदस्यों ने कहा कि खिलाड़ी पूरी मेहनत, लगन और जोश के साथ चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे और अमृतसर और एकेडमी का नाम रोशन करने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एम. पी. सिंह, जनरल सेक्रेटरी साहिल भाखर, बैडमिंटन कोच मनमोहित सिंह और मंजूर अहमद खान के साथ-साथ दूसरे कोच और टीम के सदस्य भी खिलाड़ियों को रवाना करने और उनका हौसला बढ़ाने के लिए मौजूद थे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि टीमें ऑल इंडिया मल्टी-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप, गोवा में शानदार प्रदर्शन करेंगी। यूनाइटेड एमेच्योर स्पोर्ट्स एकेडमी सभी खिलाड़ियों के सुरक्षित सफर और चैंपियनशिप में बड़ी सफलता की कामना करती है।

# योग से स्वस्थ समाज की ओर कदम—प्रेस क्लब 'जागदी ज़मीर पंजाब' को योग प्रेरणा शिविर का विशेष निमंत्रण

डेली आवाज भारती



**बटाला, (अमनदीप संधू):** भारतीय योग संस्थान (रजि.) द्वारा 'जियो और जीवन दो' के प्रेरणादायक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 3 अक्टूबर को आयोजित किए जा रहे योग प्रेरणा शिविर की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में रविंदर शर्मा एवं नंदा परिवार की ओर से प्रेस क्लब 'जागदी ज़मीर पंजाब', बटाला के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित डॉ. माणक महाजन, डी-लैक्स स्पोर्ट्स, प्रिंसिपल डॉ. एम.आर.एस. भल्ला तथा अन्य प्रमुख हस्तियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विशेष निमंत्रण दिया गया। यह योग प्रेरणा शिविर 3 अक्टूबर 2026, शनिवार को दोपहर 3:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आर.आर. बावा डी.ए.वी. गर्ल्स कॉलेज ऑडिटोरियम, समाध रोड, बटाला में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्म-अनुशासन और जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा भी देता है। शिविर के माध्यम से लोगों को योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम से संबंधित निमंत्रण पत्र में भारतीय योग संस्थान के संस्थापक श्री प्रकाश लाल जी का प्रेरणादायक संदेश 'योगम् शरणम् गच्छामि' भी अंकित है। संस्थान के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री देसराज जी तथा प्रांतीय अध्यक्ष श्री कुंदन विरमानी जी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है।

रविंदर शर्मा एवं नंदा परिवार ने प्रेस जगत सहित समाज की अन्य प्रमुख हस्तियों से शिविर में पहुंचकर योग के इस प्रेरणादायक संदेश से जुड़ने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील की।

page 4_Layout 1 27-09-2026 21:40 Page 1



# बटाला में मोटरसाइकिल चोरी को लेकर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## दो गिरफ्तार, 5 चोरी के मोटरसाइकिल बरामद

डेली आवाज भारती



**बटाला, (अमनदीप संधू) :** बटाला शहर में मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो व्यक्तियों को थाना सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे और निशानदेही पर पांच चोरी के मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में वाहन चोरी की वारदातों को लेकर सक्रिय तत्वों के खिलाफ चल रही मुहिम को और मजबूती मिली है। थाना सिटी के एस.एच.ओ. गुरइकबाल सिंह ने बताया कि एस.एस.पी. बटाला डॉ. मेहताब सिंह और डी.एस.पी. सिटी सुखइंदर सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत पुलिस द्वारा चोरी और लूटपाट की वारदातों को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत पुलिस ने कलानौर निवासी सत्ता मसीह और अजय मसीह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी और उनकी निशानदेही के आधार पर पांच चोरी के मोटरसाइकिल बरामद किए गए हैं। एस.एच.ओ. ने बताया कि दोनों व्यक्तियों के खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ जारी है और जांच के दौरान मोटरसाइकिल चोरी से जुड़ी अन्य वारदातों के संबंध में भी अहम जानकारियां सामने आने की संभावना जताई जा रही है। एस.एच.ओ. गुरइकबाल सिंह ने कहा कि बटाला शहर में अमन-कानून को प्रभावित करने वाले समाज विरोधी तत्वों को किसी भी हालत में सिर नहीं उठाने दिया जाएगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फरीदाबाद में 200 फीट बोरवेल में गिरी मासूम को बचाने की कोशिश जारी

## बोरवेल में पहुंचाई गई ऑक्सीजन

डेली आवाज भारती

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सीही गांव में रविवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब करीब ढाई साल की बच्ची खेलते समय 200 फीट गहरे खुले बोरवेल में गिर गई। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए राहत एवं बचाव अभियान शुरू कराया गया। इस दौरान बोरवेल में जब बच्ची सीसीटीवी डालकर जांच की गई तो बच्ची बोरवेल में नीचे 100 फीट नीचे दिखाई दी। प्रशासन बच्ची को बोरवेल से निकालने के लिए हर कोशिश कर रहा है। बच्चीं की जान बचाने के लिए पहले प्रशासन ने ऑक्सीजन दी। कैमरे की मदद से बच्ची की एग्जैक्ट स्थिति पता करने की कोशिश में प्रशासन जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि बच्ची का नाम नेहा है। वह अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान वह खुले पड़े बोरवेल में गिर गई। बच्ची के बोरवेल में गिरने की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। नेहा के पिता रामदीन मजदूरी का काम करते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह बोरवेल नगर निगम का है और करीब 10 साल से बंद पड़ा था। पहले बोरवेल के ऊपर ढक्कन लगा हुआ था, लेकिन कुछ दिन पहले उसका ढक्कन गायब हो गया था। इसके बाद बोरवेल खुला पड़ा रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंच गया। बचाव टीम बोरवेल के आसपास खुदाई करने के साथ अन्य जरूरी प्रक्रिया के जरिए बच्ची तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। टीम लगातार बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालने में जुटी हुई है। फिलहाल सबसे बड़ी प्राथमिकता बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालना है। मौके पर पुलिस और बचाव दल की निगरानी में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

# 14 साल से अधूरी है संत कबीर चौक की आस, कादियां चुंगी पर निर्माण को लेकर अशोक भगत ने उठाई आवाज

डेली आवाज भारती



**बटाला, (अमनदीप संधू):** बटाला की कादियां चुंगी पर महान संत भगत कबीर जी के नाम पर चौक बनाने की लंबे समय से चली आ रही मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। ऑल इंडिया भगत सभा के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक भगत ने पंजाब सरकार तथा बटाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चौक निर्माण का कार्य जल्द शुरू करवाया जाए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अशोक भगत ने कहा कि करीब 14 वर्ष पहले तत्कालीन कैबिनेट मंत्री चुन्नी लाल भगत द्वारा कादियां चुंगी पर संत कबीर जी के नाम पर चौक बनाने के कार्य को मंजूरी दी गई थी। इसके बावजूद वर्षों बीत जाने के बाद भी यह प्रस्ताव धरातल पर नहीं उतर सका। उन्होंने कहा कि इस दौरान अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकारें सत्ता में आईं, लेकिन कबीर पंथी समाज की इस महत्वपूर्ण मांग पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो पाई। अशोक भगत ने कहा कि संत कबीर जी ने अपनी वाणी के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास और भेदभाव के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए मानवता, समानता, भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश दिया। ऐसे महान संत के नाम पर शहर के प्रमुख स्थान पर चौक का निर्माण उनकी विचारधारा को सम्मान देने की दिशा में सार्थक पहल होगी। उन्होंने कहा कि बटाला शहर में विभिन्न धर्मों के गुरुजनों एवं महापुरुषों के नाम पर चौक बनाए जा रहे हैं, जो सराहनीय प्रयास है। इसी कड़ी में संत कबीर जी के नाम पर प्रस्तावित चौक का निर्माण भी जल्द करवाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे कबीर पंथी समाज में देरी के कारण निराशा है। अशोक भगत ने कहा कि कादियां चुंगी बटाला शहर का प्रमुख स्थान है। यहां संत कबीर जी के नाम पर सुंदर एवं आकर्षक चौक बनने से शहर की सुंदरता में भी इजाफा होगा। साथ ही यह चौक युवा पीढ़ी को संत कबीर जी के जीवन, उनकी वाणी तथा मानवता और समानता पर आधारित संदेश से परिचित करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पंजाब सरकार और बटाला विधायक से अपील की कि कबीर पंथी समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए करीब 14 वर्ष से लंबित इस मांग पर शीघ्र निर्णय लेकर कादियां चुंगी पर संत कबीर जी के नाम पर चौक बनाने का कार्य शुरू करवाया जाए। इस अवसर पर राजेश भगत, त्रिलोक भगत, जनक राज भगत, निशान भगत, तरसेम भगत, गुरमीत भगत, रवि भगत, साबी भगत, यशपाल भगत, परशुराम भगत, जोगिंदर भगत, राज कुमार भगत, सुखदेव भगत, रोहित भगत, अश्वनी भगत, गुरमीत सिंह तथा नरेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# 10 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने विभिन्न मामलों में 4 लोगों को गिरफ्तार किया

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सिटी फिरोजपुर एवं थाना घल्लखुर्द में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई शर्मा सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर आलु स्टोर के नजदीक से राहुल पुत्र लाल चंद वासी एकता नगर कालोनी अलीके रोड फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामले संबंधी थाना घल्लखुर्द के एएसआई दर्शन सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर अनमोल सिंह पुत्र बुटा सिंह वासी वार्ड नंबर 5 मुदकी, प्रगट सिंह पुत्र बचित्र सिंह वासी वार्ड नंबर 1 मुदकी व प्रगट सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह वासी वार्ड नंबर 8 मुदकी को गिरफ्तार करके उनक् कब्जे से तलाशी के दौरान 6 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे दर्शन सिंह व शर्मा सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

# दशहरा ग्राउंड में गूंजा भगवान कृष्ण और राधा जी के नाम का गुणगान

## विशाल भजन संध्या में रोशन प्रिंस सहित कलाकारों ने बांधा समां, श्रद्धालुओं पर हुई फूलों की वर्षा

डेली आवाज भारती



**कुराली, संदीप अकालगढ़िया:** कुराली के दशहरा ग्राउंड में आयोजित विशाल भजन संध्या के दौरान पूरा क्षेत्र भगवान कृष्ण और राधा जी की भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कुराली तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन संध्या में पहुंचे और भगवान कृष्ण एवं राधा जी के नाम का गुणगान सुनते हुए भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया।

भजन संध्या का शुभारंभ गणपति जी की वंदना से हुआ। इस अवसर पर सिद्धार्थ सिद्ध द्वारा गणपति जी की वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद सूरबी चतुर्वेदी सहित अन्य कलाकारों ने भगवान कृष्ण और राधा जी को समर्पित भक्तिमय प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ जोड़ा। भजनों की मधुर धुनों से पूरा दशहरा ग्राउंड गूंजता रहा और श्रद्धालु कृष्ण-राधा की भक्ति में लीन नजर आए। समागम का विशेष आकर्षण फिल्म अभिनेता एवं पंजाबी इंटरनेशनल सिंगर रोशन प्रिंस रहे। रोशन प्रिंस ने अपनी सुरीली आवाज में भगवान कृष्ण और राधा जी के भजनों तथा नाम का गुणगान प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति के दौरान पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर कृष्ण-राधा के भजनों का आनंद लेते रहे। भजन संध्या में पहुंचे श्रद्धालुओं का फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बांसुरियां भी भेंट की गईं। यह विशेष आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। कार्यक्रम के लिए दशहरा ग्राउंड में तैयार किया गया विशाल पंडाल भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पंडाल को बेहद सुंदर और आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रोशनी और सजावट से पूरा ग्राउंड जगमगा रहा था तथा भक्तिमय संगीत की मधुर धुनों ने वातावरण को और भी मनमोहक बना दिया। समागम के दौरान शहर के एमसी साहिबान, विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित नेताओं तथा शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता गुरप्रताप सिंह पडियाला, नगर कौंसिल अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके, भाजपा नेता राणा भानू प्रताप, शिरोमणि अकाली दल हलका खरड़ के इंचार्ज रविंदर सिंह खेड़ा, कांग्रेस नेता रणजीत सिंह जीती, भाजपा नेता रणजीत सिंह गिल तथा कांग्रेस नेता ज्ञान सिंह छत्त सहित अन्य प्रमुख हस्तियां पहुंचीं। उन्होंने भजन संध्या में शामिल होकर कलाकारों की भक्तिमय प्रस्तुतियों का आनंद लिया। समागम में पहुंचने वाली संगत के लिए अटूट लंगर का भी विशेष प्रबंध किया गया था। सेवादारों द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ लंगर की सेवा निभाई गई और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर ग्रहण किया। संगत की सुविधा के लिए भी

# सांसद गुरजीत सिंह औजला ने सरपंच पति कुलजीत सिंह संधू की मौत की सीबीआई जांच की मांग की

- औजला बोले- पुलिस 14-15 घंटे तक मोबाइल की लोकेशन ट्रेस नहीं कर सकी, परिवार को न्याय दिलाने के लिए कोर्ट तक जाएंगे

डेली आवाज भारती



**अमृतसर। के.एस. बेदी** सांसद गुरजीत सिंह औजला ने अजनाला के गवां महिमद मंदरावाला की सरपंच के पति कुलजीत सिंह संधू की मौत के मामले में पंजाब सरकार से सीबीआई जांच कराने की मांग की है। रविवार को परिवार के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए औजला ने कहा कि यदि पंजाब पुलिस मामले की तह तक पहुंचने में सक्षम नहीं है तो सरकार को जांच सीबीआई को सौंप देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार को न्याय दिलाने के लिए वह इस मामले को कोर्ट तक भी लेकर जाएंगे ओर अगर जरूरत पड़ी तो संघर्ष भी करेंगे। औजला ने कहा कि कुलजीत सिंह के लापता होने के बाद उनका मोबाइल कई घंटे तक एक्टिव रहा। परिवार के अनुसार करीब 14-15 घंटे तक मोबाइल चलता रहा, लेकिन पुलिस उनकी सही लोकेशन का पता नहीं लगा सकी। औजला ने सवाल किया कि आज जब पुलिस के पास आधुनिक तकनीक उपलब्ध है और मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की जा सकती है, तो करीब 20-25 किलोमीटर के दायरे में एक व्यक्ति को समय रहते क्यों नहीं खोजा जा सका। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से अलग-अलग जगहों की लोकेशन बताए जाने की बात परिवार ने बताई है। कभी नदी के पार तो कभी किसी गांव या जंगल की लोकेशन बताई गई। औजला ने कहा कि सीमावर्ती जिले अमृतसर में इस तरह की स्थिति सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। कुलजीत सिंह संधू 21 सितंबर को घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिवार ने उनकी तलाश शुरू की और पुलिस को इसकी सूचना दी। 23 सितंबर को रामदास क्षेत्र के पास सड़क किनारे उनका शव बरामद हुआ। औजला ने शव मिलने के बाद घटना को लेकर परिवार की ओर से उठाए जा रहे सवालों का भी जिक्र किया। परिवार का कहना है कि घटनास्थल और मोटरसाइकिल की स्थिति को देखते हुए इसे सामान्य सड़क हादसा मानने पर सवाल उठते हैं। औजला ने कहा कि पोस्टमार्टम कराया गया है और मौत की वास्तविक वजह जांच के बाद सामने आनी चाहिए। औजला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमृतसर में कथित जबरन वसूली की घटनाओं का भी मुद्दा उठाया।

# वार्षिक छिंज मेले में नामवर पहलवानों ने दिखाए जौहर

## दलविंदर सिंह बैनीपाल ने मुख्य कुश्ती मुकाबले के पहलवानों की करवाई हाथ मिलाई

डेली आवाज भारती



**खरड़, संदीप अकालढ़िया:** खरड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध गांव में ग्राम पंचायत की अगुवाई में गांव के अग्रणी युवाओं द्वारा वार्षिक छिंज मेला बड़े उत्साह और धूमधाम से करवाया गया। छिंज मेले में पंजाब के विभिन्न इलाकों से पहुंचे नामवर पहलवानों ने अखाड़े में अपनी ताकत और कुश्ती के दांव-पेंच का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। मेले के दौरान हुए कुश्ती मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और कुश्ती प्रेमी पहुंचे। अखाड़े में पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। पहलवानों ने अपनी पूरी ताकत, फुर्ती और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए शानदार कुश्तियां लड़ीं। इस अवसर पर मोहाली जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता सरदार दलविंदर सिंह बैनीपाल ने मुख्य कुश्ती मुकाबले में उतरने वाले पहलवानों की हाथ मिलाई करवाई। उन्होंने पहलवानों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया तथा आयोजकों द्वारा करवाए गए इस शानदार खेल आयोजन की सराहना की। छिंज मेले में आम आदमी पार्टी के खरड़ विधानसभा क्षेत्र के इंचार्ज परमिंदर सिंह गोल्डी की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने कुश्ती मुकाबलों का आनंद लिया और पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर गांववासियों तथा आयोजकों ने क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। इस मौके पर गांव के युवा सरपंच परमजीत सिंह पम्मा तथा पूरी ग्राम पंचायत की ओर से सरदार दलविंदर सिंह बैनीपाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पंचायत सदस्यों और गांववासियों ने कहा कि ऐसे खेल मेले युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ पंजाब की पारंपरिक कुश्ती और ग्रामीण संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरदार दलविंदर सिंह बैनीपाल ने कहा कि पंजाब की धरती ने हमेशा ही नामवर पहलवान पैदा किए हैं। आज के समय में युवा पीढ़ी को खेलों से जोड़ना और उन्हें नशे से दूर रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांवों में करवाए जाने वाले ऐसे छिंज मेले हमारी पारंपरिक खेल विरासत को संभालने के साथ युवाओं को अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को सही दिशा में लगाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर टीम बैनीपाल के प्रमुख सदस्य बाबा रणबीर सिंह कादीमाजरा, जगदीश सिंह दीशा, दर्शन सिंह माणकपुर शरीफ सहित क्षेत्र की अन्य प्रमुख हस्तियां और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। छिंज मेले के सफल आयोजन के लिए गांव के युवाओं और ग्राम पंचायत के प्रबंधों की भी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

# अज्ञात व्यक्तियों ने घर लौट रहे व्यक्ति से मारपीट कर मोटरसाईकिल व नगदी छीनी

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना** सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन मोटरसाईकिल पर घर लौट रहे व्यक्ति से मारपीट करके उसका मोटरसाईकिल और नगदी छीनकर फरार हुए चार अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना कुलगढ़ी के एच.सी लवदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता हरदीप सिंह पुत्र जिंद्र वासी बस्ती खानु वाली मल्लांवाला रोड ने बताया कि वह बीते दिन जब रात के समय 9 बजे अपने मोटरसाईकिल पर सवार होकर फिरोजपुर छावनी वाया सिटी रिजोर्ट पैलेस फिरोजपुर शहर वाली रोड से घर लौट रहा था तो रास्ते में लुधियाना फाटक मलवाल रोड फिरोजपुर शहर के नजदीक 4 अज्ञात लोगों ने उसे रोककर उसके साथ मारपीट की और उसका मोटरसाईकिल एवं 1200 रुपए की नगदी छीनकर वहां से फरार हो गए। मामले की जांच कर रहे लवदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

# बांगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने लायंस क्लब आर्शीवाद एवं अनिल बागी ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया रक्तदान शिविर

- शिविर के दौरान जरुरतमंद लोगों की सहायता के लिए इक्टठा किया गया 72 यूनिट रक्त

डेली आवाज भारती

**फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):** बांगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल फिरोजपुर द्वारा लायंस क्लब आर्शीवाद फिरोजपुर और अनिल बागी ब्लड बैंक के सहयोग से बीते दिन रक्तदान शिविर आयोजित किया। मालूम हो कि उक्त शिविर के दौरान लोगों ने उत्साह से हिस्सा लेते हुए कुल जरुरतमंद लोगों की सहायता के लिए 72 यूनिट रक्त दान किया। इस अवसर पर बांगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की एमडी श्रीमती बलजीत कौर बांगड़ और एमडी आशु बांगड़ ने रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। मालूम हो कि शिविर को सफल बनाने में बांगड़ अस्पताल की टीम द्वारा मैनेजर सर्बजीत सिंह और एडमिन अफजल मसीह ने विशेष भूमिका निभाई। इस मौके पर लायंस क्लब आर्शीवाद की ओर से प्रधान डा.निर्मल जोशी, सचिव जतिंदर मनिका, कोषाध्यक्ष संतोख तक्खी और पीआरओ एडवोकेट संदीप शर्मा ने शिविर के प्रबंधन में सहयोग दिया और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। जबकि अनिल बागी ब्लड बैंक की ओर से सुपरवाइजर रविंद्र सिंह (रवि) और उनकी टीम ने रक्त एकत्र करने और शिविर की मेडिकल प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से संपन्न किया। अंत में बांगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल प्रबंधन ने सभी रक्तदाताओं, लायंस क्लब आर्शीवाद और अनिल बागी ब्लड बैंक की टीम का धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे समाज सेवी कार्य भविष्य में भी जारी रखे जाएंगे।

# सतनाम सिंह संधू की पैरवी से मच्छलीकलां-पवाला सर्विस रोड को NHAI की मंजूरी

डेली आवाज भारती



**खरड़/संदीप अकालगढ़िया :** मोहाली-सरहिंद NH-205AG पर गांव मच्छलीकलां से पवाला तक सर्विस रोड बनाने की लंबे समय से चली आ रही मांग को बड़ी सफलता मिली है। राज्यसभा सदस्य सरदार सतनाम सिंह संधू की पैरवी के बाद NHAI ने मच्छलीकलां से पवाला तक Ch. 4+600 से Ch. 6+600 तक सर्विस रोड के निर्माण को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। NHAI द्वारा 25 सितंबर को जारी पत्र में संबंधित EPC ठेकेदार को निर्माण संबंधी आगामी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण फैसले के बाद क्षेत्र के गांववासियों ने राज्यसभा सदस्य सरदार सतनाम सिंह संधू का विशेष रूप से धन्यवाद किया। गांववासियों ने कहा कि सर्विस रोड की मांग लंबे समय से क्षेत्र के लोगों और किसानों की प्रमुख समस्या बनी हुई थी। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कुश राणा के नेतृत्व में गांवों के एक प्रतिनिधिमंडल ने यह मामला राज्यसभा सदस्य सरदार सतनाम सिंह संधू और सरदार रणजीत सिंह गिल के ध्यान में लाया था। इसके बाद सरदार रणजीत सिंह गिल ने यह मामला राज्यसभा सदस्य सरदार सतनाम सिंह संधू के समक्ष रखा। सतनाम सिंह संधू ने संबंधित केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी, केंद्रीय विभाग तथा ह्यूढ के क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष इस मामले की पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप अब सर्विस रोड के निर्माण को सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। सर्विस रोड बनने से मच्छलीकलां, पवाला सहित आसपास के कई गांवों के किसानों और आम लोगों को आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से ह्या-205त से प्रभावित गांवों के किसानों को अपने खेतों और गांवों तक आने-जाने में सुविधा मिलेगी।

# पीएचडीसीसीआई ने किया संग आर्किटेक्ट फोरम का गठन

डेली आवाज भारती






**चंडीगढ़।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 12वें इन्स-आउट एक्सपो के तहत युवा आर्किटेक्ट्स के लिए एक विशेष पहल करते हुए यंग आर्किटेक्ट फोरम का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से उभरते आर्किटेक्ट्स, अनुभवी आर्किटेक्ट्स और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर वास्तुकला के क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया।

रविवार को यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चैप्टर के को-चेयर सुव्रत खन्ना ने कहा कि 'यंग आर्किटेक्ट फोरम' का गठन युवा आर्किटेक्ट्स और छात्रों को ऐसा मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है, जहां वे आर्किटेक्चर के क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करने के बाद पेशे में प्रवेश करते समय और काम के दौरान आने वाली चुनौतियों पर चर्चा कर सकें तथा उनके व्यावहारिक समाधान तलाश सकें। फोरम का उद्देश्य युवा पेशेवरों को अनुभवी आर्किटेक्ट्स के साथ संवाद करने, विचारों का आदान-प्रदान करने, बदलती पेशेवर कार्यप्रणाली को समझने तथा तकनीक और बदलती सामाजिक आवश्यकताओं से पैदा हो रहे नए अवसरों को तलाशने में मदद करना है। यंग आर्किटेक्ट फोरम के संयोजक आर्किटेक्ट सुकुमार जयरथ ने कहा कि फोरम के माध्यम से युवा आर्किटेक्ट्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और संवाद को आगे बढ़ाया जा रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव पर बात करते हुए वाईएएफ की आर्किटेक्ट कनिका बंसल ने कहा कि युवा आर्किटेक्ट्स को चैट जीपीटी, मेटा, जैमिनी आदि जैसी नई तकनीकों को लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों को ऐसे अवसरों के रूप में देखा जाना चाहिए, जो रचनात्मकता, शोध, कार्यक्षमता और पेशेवर कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में मदद कर सकती हैं। एक महत्वपूर्ण सत्र में प्रसिद्ध आर्किटेक्ट यतिन पांड्या ने डिजाइनिंग फॉर द प्लेस, पीपल एंड प्लैनेट विषय पर विचार रखे। उन्होंने वास्तुकला, लोगों और पर्यावरण के बीच संबंधों पर चर्चा करते हुए ऐसे डिजाइनों के महत्व को रेखांकित किया, जो सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुरूप हों। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की अवधारणा केवल एक नारा बनकर नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे सार्थक और जन-केंद्रित शहरी विकास में परिवर्तित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इसका संचालन आर्किटेक्ट दीपिका गांधी ने किया, जबकि आर्किटेक्ट प्रिया गुप्ता, आर्किटेक्ट जितेश मलिक और आर्किटेक्ट मोहित विज पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुए। चर्चा में वास्तुकला की शिक्षा और पेशेवर कार्यप्रणाली के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया। आर्किटेक्ट कलापी बुच ने भारतीय सांस्कृतिक जड़ों और समकालीन वास्तुकला के बीच संबंध तथा आधुनिक वास्तु अभिव्यक्ति में भारतीय मूल्यों और परंपराओं के समावेश पर चर्चा की।

page 5_Layout 1 27-09-2026 18:58 Page 1



# श्री गुरु नानक लंगर सेवा लोहारी की ओर से पीजीआई चंडीगढ़ में 108वां लंगर लगाया

## हर शनिवार लोहारी से पीजीआई पहुंचाई जा रही है लंगर सेवा

डेली आवाज भारती



**लोहारी, (संदीप अकालगढ़िया):** श्री गुरु नानक लंगर सेवा लोहारी की ओर से गुरु साहिब की प्रेरणा और संगत के सहयोग से हर शनिवार पीजीआई चंडीगढ़ में लंगर सेवा की जा रही है। इसी कड़ी के तहत आज 108वां लंगर श्रद्धा एवं सेवा भावना के साथ लगाया गया। इस दौरान सेवादारों ने पीजीआई में उपचाराधीन मरीजों, उनके परिजनों तथा अन्य जरूरतमंद लोगों को लंगर वितरित किया। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाना तथा मानवता की सेवा के कार्य को आगे बढ़ाना है।

लोहारी से प्रत्येक शनिवार लंगर तैयार करके पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचाया जाता है। सेवादारों ने बताया कि इस सेवा में संगत का लगातार सहयोग मिल रहा है, जिसके चलते यह सेवा अब 108वें लंगर तक पहुंच गई है। लंगर सेवा के दौरान सेवादारों द्वारा पूरी श्रद्धा और सेवा भावना के साथ भोजन तैयार किया जाता है तथा पीजीआई में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को प्रेम एवं सम्मान के साथ लंगर छकाया जाता है। सेवादारों ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी के मानवता की सेवा और 'वंड छको' के संदेश को मुख्य रखते हुए यह सेवा निरंतर जारी रखने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधान हरमेश बब्बू, पंच अजमेर सिंह, जसप्रीत सिंह, समशेर सिंह, प्रभजोत सिंह, जसवीर सिंह कुराली, युद्धवीर राणा, सतनाम, सतविंदर सिंह, मोहिंदर सिंह फौजी, दविंदर सरपंच, पंच रणजीत कौर और जस्सा लोहारी सहित अन्य सेवादारों ने लंगर सेवा में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। सेवादारों ने कहा कि पीजीआई चंडीगढ़ में पंजाब सहित विभिन्न स्थानों से लोग अपने परिजनों के उपचार के लिए पहुंचते हैं। कई परिवारों को उपचार के साथ-साथ भोजन की भी आवश्यकता होती है। ऐसे में लंगर सेवा के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को सहयोग देने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि लंगर सेवा में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता तथा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को समान रूप से लंगर वितरित किया जाता है।

108वें लंगर की सेवा पूरी होने पर सेवादारों और संगत में विशेष उत्साह देखने को मिला। सेवादारों ने संगत का धन्यवाद करते हुए कहा कि गुरु साहिब की कृपा और संगत के सहयोग से ही यह सेवा लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी हर शनिवार यह लंगर सेवा इसी श्रद्धा और सेवा भावना के साथ जारी रहेगी। अंत में समूह सेवादारों की ओर से अरदास की गई कि वाहेगुरु सभी का भला करें तथा श्री गुरु नानक लंगर सेवा लोहारी द्वारा मानवता की भलाई के लिए किए जा रहे इस सेवा कार्य को आगे भी इसी प्रकार जारी रखने की शक्ति प्रदान करें।

# श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री का ग्रामीणों ने लिया आनंद

- पत्तड़ां, टोडर माजरा और मजात में बड़ी संख्या में लोगों ने देखी डॉक्यूमेंट्री

डेली आवाज भारती



**खरड़, संदीप अकालगढ़िया:** पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म का विभिन्न गांवों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव पत्तड़ां, टोडर माजरा और मजात में भी ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं को यह विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। बड़ी संख्या में लोगों ने डॉक्यूमेंट्री देखी और श्री गुरु रविदास जी के जीवन, शिक्षाओं तथा मानवता को दिए गए संदेश के बारे में जानकारी प्राप्त की। खरड़ के एसडीएम गुरमीत सिंह ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से तैयार की गई विशेष डॉक्यूमेंट्री को गांव-गांव एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग गुरु रविदास जी के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके संदेश से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने अपनी वाणी के माध्यम से मानवता को समानता, भाईचारे, मेहनत, सत्य और आपसी सम्मान का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को एकता, सद्भाव और समानता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। गांव पत्तड़ां, टोडर माजरा और मजात में दिखाई गई डॉक्यूमेंट्री को ग्रामीणों ने काफी रुचि के साथ देखा। डॉक्यूमेंट्री में श्री गुरु रविदास जी के जीवन, उनकी वाणी और मानव कल्याण के लिए दिए गए संदेश को सरल एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान लोगों ने गुरु रविदास जी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी हासिल की। एसडीएम गुरमीत सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को महान गुरुओं और संतों की शिक्षाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित किए जा रहे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की। डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन के दौरान गांवों में लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने पंजाब सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु रविदास जी की महान शिक्षाओं और मानवता के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलती है।

# सचिन चौधरी व सुशांत कौशिक का खरड़ बार के अध्यक्ष व सचिव चुना जाना गर्व की बात : कंग

## वकील समुदाय की समाज में अहम भूमिका: जगमोहन सिंह कंग

डेली आवाज भारती



**खरड़, संदीप अकालगढ़िया:** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री स. जगमोहन सिंह कंग अपने साथियों सहित खरड़ बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी सचिन कुमार और सचिव एडवोकेट सुशांत कौशिक के निवास स्थान पर विशेष रूप से पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने नई चुनी गई टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित भी किया।

स. जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि खरड़ बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष सचिन चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंदर राणा, उपाध्यक्ष खुशप्रीत कौर, उपाध्यक्ष नकुल कपूर, सचिव सुशांत कौशिक और कोषाध्यक्ष सचिन वर्मा का चुना जाना खुशी और गर्व की बात है। उन्होंने नवनिर्वाचित टीम को अपनी जिम्मेदारियां ईमानदारी, निष्पक्षता और समर्पण के साथ निभाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

पूर्व मंत्री कंग ने कहा कि वह स्वयं वकील और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य होने के नाते वकील समुदाय की भूमिका को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने कहा कि देश और समाज में लोगों को न्याय दिलाने तथा उनके कानूनी अधिकारों की रक्षा करने में वकीलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका और वकील समुदाय एक-दूसरे के पूरक हैं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून और संविधान की मर्यादा को बनाए रखने में दोनों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि आम जनता का न्याय व्यवस्था ओर वकील समुदाय पर विश्वास लोकतंत्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है। स. कंग ने नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन की टीम से अपील की कि चुनाव प्रक्रिया अब संपन्न हो चुकी है, इसलिए सभी सदस्यों को साथ लेकर बिना किसी भेदभाव के काम किया जाए। उन्होंने कहा कि नई टीम को जनहित, कानून और संविधान के मूल्यों को प्राथमिकता देते हुए बार एसोसिएशन को और मजबूत करने के लिए प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर अमरिंदर सिंह कंग रोमी, एडवोकेट कुलवंत शेरगिल, एडवोकेट तेजिंदर सिंह, जगरूप सिंह गिल, रमन दत्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वकील समुदाय से जुड़ी प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

# अटारी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार के दौरान बीबी दलवीर कौर को अटारी के अलग-अलग गांवों में लोगों से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला

डेली आवाज भारती



**अमृतसर/केएस बेदी।** विधानसभा क्षेत्र अटारी से बीबी दलवीर कौर, नेशनल प्रेसिडेंट भूपिंदर सिंह सोनू, एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट सरबजीत सिंह बाबा साहिब, सुखविंदर कौर रीटा, अटारी विधानसभा क्षेत्र से बीबी दलवीर कौर ने अटारी के अलग-अलग गांवों में प्रचार किया, जहां लोगों ने भी उन्हें गले लगाया और खुले दिल से उनका स्वागत किया। बीबी दलवीर कौर को लोगों से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जहां लोग पारंपरिक पार्टियों से तंग आ चुके हैं और अब आने वाले 2027 के चुनावों में बीबी दलवीर कौर को वोट देकर कामयाब बनाएंगे। लोग अब बदलाव चाहते हैं। मीडिया से बात करते हुए बीबी दलवीर कौर ने कहा कि वह अटारी विधानसभा क्षेत्र में सेवा कर रही हैं और उनकी तरफ से लगातार सेवाएं दी जा रही हैं और अगर लोग 2027 में उन्हें वोट देते है तो उनका शुक्रिया अदा करते हैं, तो वह दिल से लोगों की शुक्रगुजार रहेंगी। लोगों के लिए कई तरह की योजनाएं हैं। लोगों ने जो भरोसा दिया है, उसे पूरा करने की कोशिश की गई है। लोगों की जो भी उम्मीदें हैं, उन्हें ज़रूर पूरा करेंगे। इस बीच, करमजीत सिंह गिल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अटारी के गांवों में चुनाव प्रचार किया जा रहा है और लोगों को बीबी दलवीर कौर को बहुत सम्मान देना चाहिए। यहां 2027 में वह भारी बढ़त से जीतकर लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेंगी और जो भी लोगों के काम आएगा, उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। वहां सरबजीत सिंह बाबा साहिब, लखविंदर सिंह मजीठिया, सुखविंदर कौर, अतुल मट्ठ, रिंकू बोस बीबी महिंदर कौर, प्रधान रानी, विशाल, गांव गरवाली गुरपाल सिंह, कुलदीप सिंह, घरिंडा लाहौरी मल्ल, हैप्पी, जोगा सुच्चा, आसू, करमजीत सिंह गिल सुमन, बलजीत कौर, दलजीत कौर मौजूद थे।

# डेयरी किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा समाधान: डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर

डेली आवाज भारती

**अमृतसर, के.एस. बेदी :** डेयरी किसानों की समस्याओं को सुनने और उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर, विधायक डॉ. अजय गुप्ता और डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने डेयरी कॉम्प्लेक्स में डेयरी किसानों के साथ विशेष बैठक की। इस दौरान उन्होंने डेयरी किसानों की समस्याओं और मांगों को ध्यानपूर्वक सुना तथा आश्वासन दिया कि इनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने कहा कि दूध उत्पादन एक पवित्र और महत्वपूर्ण व्यवसाय है, जिससे प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ है। डेयरी किसान समाज को दूध और दूध से बने पौष्टिक पदार्थ उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था में भी अहम योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि डेयरी किसानों को अपना व्यवसाय सुचारू रूप से चलाने के लिए अनुकूल माहौल मिलना चाहिए और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ना चाहिए। विधायक डॉ. निज्जर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेयरी किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए तथा उनकी जायज मांगों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि डेयरी किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए और उनसे संबंधित मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने डेयरी किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं और मांगों को पंजाब सरकार के ध्यान में लाया जाएगा तथा उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान करना और विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने भी डेयरी किसानों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों के साथ तालमेल करके इनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया।

# अमृतसर में जनगणना 2027 के दूसरे चरण के लिए फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## 40 फील्ड ट्रेनरों ने लिया प्रशिक्षण, अब जिले के प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को करेंगे प्रशिक्षित

डेली आवाज भारती



**अमृतसर, के.एस. बेदी :** जनगणना 2027 के दूसरे चरण (जनसंख्या गणना) के लिए फील्ड ट्रेनरों (Field Trainers) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज जिला परिषद हॉल, अमृतसर में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 से 26 सितंबर 2026 तक आयोजित किया गया। इसका आयोजन जनगणना कार्य निदेशालय, पंजाब, चंडीगढ़ के अधीन अमृतसर के जनगणना अधिकारियों (PCO) द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक श्री स्वदेश प्रताप सिंह शाक्य, मास्टर ट्रेनर श्री राजविंदर सिंह, श्री अमृतपाल सिंह तथा श्री चरणजीत सिंह ने फील्ड ट्रेनरों को जनगणना संबंधी विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस प्रशिक्षण में सरकारी कॉलेजों तथा विभिन्न स्कूलों के 40 शिक्षकों, लेक्चररों और प्रोफेसरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये फील्ड ट्रेनर अमृतसर जिले में तैनात प्रगणकों (Enumerators) और पर्यवेक्षकों (Supervisors) को प्रशिक्षण देंगे। ये प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर लोगों से निर्धारित प्रश्नों के माध्यम से जानकारी एकत्रित करेंगे और जनसंख्या गणना का कार्य संपन्न करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के समय पूछे जाने वाले 40 प्रश्नों तथा उन्हें सही तरीके से पूछने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, जनसंख्या गणना ऐप (PE App) के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। गणना ब्लॉक का नक्शा तैयार करने, संबंधित तकनीकी पहलुओं तथा कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए विशेष व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर सहायक निदेशक श्री स्वदेश प्रताप सिंह शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना 2027 के दूसरे चरण के अंतर्गत स्व-गणना (Self Enumeration) का कार्य 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक करवाया जाएगा। इसके पश्चात वास्तविक जनसंख्या गणना का कार्य 1 दिसंबर 2026 से आरंभ होगा। उन्होंने बताया कि बेघर व्यक्तियों (Houseless Population) की गणना का कार्य 4 जनवरी 2027 से टीमों के सहयोग से शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक कमिश्नर श्री विशाल वाधवान और श्रीमती लवलीन शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने फील्ड ट्रेनरों को संबोधित करते हुए जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी, सटीकता और टीम भावना के साथ निभाने की अपील की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना 2027 के दूसरे चरण के दिशा-निर्देशों से संबंधित मॉड्यूल की मुद्रित प्रतियां तथा अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री की किट भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए चाय-नाश्ते और दोपहर के भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी।

# स्लिप रोड का एक कट बंद होने से यातायात हुआ सुचारु, लोगों को मिली बड़ी राहत

## कट बंद होने के बाद जाम की समस्या घटी, हादसों का खतरा भी हुआ कम

डेली आवाज भारती



**खरड़, संदीप अकालगढ़िया:** खरड़-कुराली रोड पर मार्केट से पहले स्लिप रोड के एक कट को बंद किए जाने के बाद यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिल रहा है। कट बंद किए जाने के बाद पिछले चार दिनों से यातायात काफी सुचारु रूप से चल रहा है और पहले की तरह जाम की स्थिति भी नहीं बन रही। इस स्थान पर पहले से ही वाहनों के आने-जाने और मुड़ने के लिए अन्य कट मौजूद हैं। छोटे-छोटे कटों से वाहनों के बार-बार एक तरफ से दूसरी तरफ मुड़ने के कारण मुख्य सड़क पर चल रहा यातायात प्रभावित होता था। कई बार अचानक मुड़ने वाले वाहनों के कारण पीछे आ रहे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगानी पड़ती थी, जिससे यातायात की रफ्तार धीमी होकर जाम की स्थिति पैदा हो जाती थी। वाहनों के अचानक कट से मुड़ने के कारण सड़क पर हादसों का खतरा भी बना रहता था। विशेषकर व्यस्त समय के दौरान वाहनों की संख्या बढ़ने से यह समस्या और गंभीर हो जाती थी। कई बार छोटी सी लापरवाही के कारण वाहनों की टक्कर या अन्य हादसे की स्थिति पैदा हो जाती थी।

अब एक कट बंद किए जाने के बाद वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित हो गई है। पिछले चार दिनों के दौरान इस स्थान पर पहले जैसी जाम की स्थिति देखने को नहीं मिली और यातायात बिना बड़ी रुकावट के चलता रहा। इससे रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी काफी सुविधा मिली है। कट बंद रहने से आम लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही भी आसान हुई है। वाहन चालकों को लंबे समय तक जाम में खड़े रहने की परेशानी से राहत मिली है और वे अपनी मंजिल तक अपेक्षाकृत आसानी से पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही यातायात सुचारु होने से सड़क पर हादसों की संभावना भी कम हुई है। ऐसे में कट को दोबारा खोलने संबंधी कोई भी फैसला लेते समय यातायात की स्थिति, आम लोगों की सुविधा और सड़क सुरक्षा को प्रमुखता से ध्यान में रखना जरूरी है। पिछले चार दिनों के दौरान कट बंद रहने से जिस तरह यातायात सुचारु रहा है, उससे यह बात सामने आती है कि यातायात प्रबंधन में छोटे से बदलाव से भी आम लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है।

# श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

- भक्तिमय भजनों से गूंजा पंडाल, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने की शिरकत

डेली आवाज भारती



**खरड़, संदीप अकालगढ़िया:** जूनियर गोरखनाथ क्लब, खरड़ की ओर से हवेली टावर के नजदीक आयोजित की जा रही भव्य श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण में करवाया गया। इस अवसर पर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का पावन प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथा वाचक द्वारा शिव-पार्वती विवाह से संबंधित पावन प्रसंग की विस्तारपूर्वक व्याख्या करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान शिव और माता पार्वती की भक्ति, प्रेम तथा समर्पण का संदेश दिया गया। विवाह प्रसंग के दौरान पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शिव-पार्वती विवाह के पावन प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भजन-कीर्तन में भाग लिया। इस दौरान पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का आनंद लेते हुए धार्मिक वातावरण में अपनी आस्था प्रकट की। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति की ओर से कथा में पहुंचने वाली संगत की सुविधा के लिए उचित प्रबंध किए गए थे। जूनियर गोरखनाथ क्लब के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करें और इस पावन धार्मिक आयोजन का लाभ प्राप्त करें। समागम के दौरान क्षेत्र की संगत में भी खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

page 6_Layout 1 27-09-2026 16:18 Page 1



आवाज भारती फिल्मी तड़का



# 'देवराः पार्ट 1' के दो सालः जाह्नवी कपूर के तेलुगु डेब्यू की यादगार शुरुआत

**दो** साल पहले, 27 सितंबर 2024 को 'देवरा- पार्ट 1' बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। यह जाह्नवी कपूर के करियर का एक खास पड़ाव था, क्योंकि इसी फिल्म के साथ अपनी माँ की विरासत को आगे बढ़ाते हुए तेलुगु डेब्यू किया था। सिर्फ यही नहीं कोराताला शिवा के निर्देशन में बनी और जूनियर एनटीआर की मुख्य भूमिका वाली इस एक्शन ड्रामा फिल्म के जरिए जाह्नवी ने तेलुगु दर्शकों के सामने खुद को एक नए अंदाज में पेश किया था। जाह्नवी के लिए यह डेब्यू भावनात्मक रूप से भी बेहद खास था। दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी होने के नाते, जिनका तेलुगु सिनेमा के साथ बेहद खास और यादगार रिश्ता रहा है, इस इंडस्ट्री में कदम रखना जाह्नवी के लिए अपनी मां की सिनेमाई विरासत से जुड़ने जैसा था। जाह्नवी कई मौकों पर तेलुगु सिनेमा में काम करने की अपनी इच्छा और श्रीदेवी के जरिए इस इंडस्ट्री से अपने व्यक्तिगत जुड़ाव के बारे में अक्सर बातें करती भी रहती हैं। इस फिल्म से उनके डेब्यू को लेकर उत्सुकता इसलिए भी बढ़ी हुई थी, क्योंकि जाह्नवी ने फिल्म की भाषा और संस्कृति को अपनाने की पूरी कोशिश की थी। प्रमोशन के दौरान उन्होंने तेलुगु दर्शकों से बातचीत की और इस प्रोजेक्ट पर काम करने के अपने अनुभव साझा किए। जूनियर एनटीआर ने भी उनकी तारीफ करते हुए कहा था कि उनके अभिनय के कुछ पहलुओं में उन्हें श्रीदेवी की झलक नजर आई। यही वजह है कि दो साल बाद भी 'देवराः पार्ट 1' जाह्नवी कपूर की यात्रा में एक खास जगह रखती है, क्योंकि इसी फिल्म के साथ उनके तेलुगु सिनेमा के सफर की शुरुआत हुई। अपनी मां की विरासत से गहराई से जुड़ी एक इंडस्ट्री में कदम रखने से लेकर अपनी खुद की पहचान बनाने तक, यह फिल्म भारतीय सिनेमा में जाह्नवी के सफर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बनी हुई है।




### कपूर खानदान के चिराग रणबीर को भी करना पड़ा था संघर्ष

# पहली फिल्म फ्लॉप होने के बाद अपनी एक्टिंग से जीता दर्शकों का दिल

**मुंबई।** 1982 को मुंबई में पृथ्वी राज कपूर के खानदान में जन्मे रणबीर कपूर को भी फिल्मों में काम पाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। पहली फिल्म फ्लॉप होने के बाद रणबीर कपूर ने अपने दमदार एक्टिंग के बल पर कई बेहतरीन फिल्में दीं। रणबीर के माता-पिता अपने समय के लोकप्रिय सितारे ऋषि कपूर और नीतू सिंह हैं। रणबीर पृथ्वीराज कपूर के पड़पोते और अभिनेता राज कपूर के पोते हैं। इनके ताऊ रणधीर कपूर और चाचा राजीव कपूर हैं, करिश्मा कपूर और करीना कपूर उनकी चचेरी बहनें हैं। रणबीर कपूर ने अभिनेत्री आलिया भट्ट से शादी की है। मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद रणबीर कपूर न्यूयॉर्क चले गए, जहां पर उन्होंने फिल्म निर्माण और अभिनय सीखा। पढ़ाई के दौरान उन्होंने लघु फिल्म पैशन टु लव (2002) और इंडिया 1964 में अभिनय के साथ खुद निर्देशन भी किया। मुंबई आने के बाद रणबीर कपूर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'ब्लैक (2005)' में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। मुंबई लौटने के बाद रणबीर कपूर ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत एक सहयोगी निर्देशक के रूप में निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक (2005) साथ की थी। फिल्म 'ब्लैक' की रिलीज के बाद संजय लीला भंसाली ने रणबीर को अपनी फिल्म 'सांवरिया' में अभिनय का मौका दिया, जिसमें सोनम कपूर भी थीं। हालांकि रणबीर की पहली ही फिल्म फ्लॉप साबित हुई। हालांकि इस फिल्म में रणबीर के अभिनय की तारीफ की गई और उन्हें बेस्ट मेल डेब्यू एक्टर के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। 2009 में वे 'वेक अप सिड' और 'अजब प्रेम की गजब कहानी' में अभिनय किया। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर यह हिट रही। रणबीर कपूर की सबसे कामयाब फिल्मों में से एक साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'बर्फी' रही। 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'यह जवानी है दीवानी' भी हिट रही। रणबीर की 'संजू (2018)' और 'एनिमल (2023)' को दर्शकों ने खूब सराहा। रणवीर कपूर ने अपने करियर में 22 फिल्में की हैं। अब रणबीर कपूर 'रामायण' फिल्म में नजर आएंगे, जिसका टीजर और ट्रेलर जारी हो चुका है। इस फिल्म को नमित मल्होत्रा ने प्रोड्यूस और नितेश तिवारी फिल्म के डायेक्टर हैं। फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। 'रामायण- पार्ट 1' दिवाली 2026 और 'रामायण- पार्ट 2' दिवाली 2027 में रिलीज होगी। रणबीर कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि परिवार की कामयाबियों से अधिक नाकामियों ने सिखाया। शुरुआती दौर में इंडस्ट्री के कई डायरेक्टर और प्रोड्यूसर मुझे लॉन्च करना चाहते थे। मेरे पास मौके थे लेकिन मैं संजय लीला भंसाली का फैन था। इसलिए मैंने अपना रिज्यूमे बनाया और उनके ऑफिस के बाहर जाकर बैठ गया। उस वक्त शायद मुझे नहीं पता था कि यह अनुभव मेरी जिंदगी में कितना काम आएगा। उस इंतजार ने मुझे मजबूत बनाया, मुझे सिखाया कि मौका सामने होने के बावजूद मेहनत करनी पड़ती है।



# ईमरान हाशमी की सुपरहिट फिल्म आवारापन-2 का 9 अक्तूबर को फ्री में स्ट्रीम




**लंबे** समय के बाद बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी की फिल्म ने कमाल का प्रदर्शन बॉक्स ऑफिस पर किया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आवारापन 2 सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया गया है। आइए आपको बताते हैं बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के बाद आवारापन 2 कब और कौन से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने जा रही है। स्टाटर इमरान हाशमी और दिशा पटनी की रोमांटिक ड्रामा आवारापन 2 ने शानदार कहानी से सभी का दिल जीता था। इस फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। इसी कारण से कमर्शियल तौर पर आवारापन 2 बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही है। जल्द ही यह मूवी ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आने वाली है। बता दें कि, थिएटर्स रिलीज से पहले आवारापन 2 के डिजिटल राइट्स की डील प्राइम वीडियो के साथ कर ली गई थी। सिनेमाघरों के बाद अब ये फिल्म प्राइम वीडियो पर देखने को मिलेगी। फिलहाल ये रेंट बेसिस पर ओटीट पर मौजूद है, जिसके लिए सिर्फ 349 खर्च करने पड़ सकते हैं। लेकिन जिन लोगों के पास अमेजन प्राइम वीडियो का मंथली सब्सक्रिप्शन है, वह आने वाले 9 अक्तूबर से आवारापन 2 को फ्री में ऑनलाइन स्ट्रीम कर पाएंगे। गौरतलब है कि आवारापन 2 बड़े पर्दे के बाद ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। फिल्म की कर्मिशियल कमाई की बात करें, तो मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इमरान हाशमी की इस मूवी का लाइफटाइम नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 152 करोड़ रहा था, बल्कि वर्ल्डवाइड इस मूवी 220 करोड़ से अधिक कलेक्शन किया था। वहीं, फिल्म का बजट 90 करोड़ था। फिल्म सुपरहिट साबित हुई।

## ● लेटेस्ट हॉलीवुड

# माइकल डगलस ने पत्नी कैथरीन जीटा-जोन्स को जन्मदिन पर कहा- पहली नजर में ही हो गया था प्यार

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस ने अपनी पत्नी और अभिनेत्री कैथरीन जीटा-जोन्स के साथ साझा जन्मदिन के मौके पर उनके लिए भावुक संदेश लिखा। उन्होंने कहा कि फिल्मी पर्दे पर उन्हें पहली बार किसी से प्यार तब हुआ, जब उन्होंने कैथरीन को देखा। माइकल डगलस ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर कैथरीन के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और कैप्शन में अपनी आने वाली संस्मरण पुस्तक 'वन हेलुवा राइड' का एक अंश भी लिखा। उन्होंने लिखा, 'फिल्मी पर्दे पर मुझे कभी किसी से प्यार नहीं हुआ था, जब तक मैंने कैथरीन को नहीं देखा। वह सिर्फ खूबसूरत ही नहीं थीं, बल्कि उनमें एक ऐसा जादू था जो सुंदरता से कहीं बढ़कर था।' माइकल ने आगे कहा, 'मुझे उतना यकीन पहले कभी किसी बात पर नहीं हुआ था, जितना इस बात पर था कि वही मेरी जीवनसाथी हैं। जिंदगी में ऐसा पल शायद सिर्फ एक बार आता है, जब आपको बिना किसी शक के महसूस होता है कि आप किसी खास इंसान के साथ रहने के लिए बने हैं। जन्मदिन मुबारक हो, कैथरीन। मैं तुम्हें हमेशा और हमेशा प्यार करता रहूंगा।



कैथरीन जीटा-जोन्स ने भी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, धन्यवाद डार्लिंग। तुम्हें भी जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, मेरे प्यार।' माइकल डगलस और कैथरीन जीटा-जोन्स ने साल 2000 में शादी की थी। दोनों के दो बच्चे हैं–डिलन (24) और कैरीज़ (21)। उनकी पहली मुलाकात अगस्त 1998 में फ्रांस के डोविल अमेरिकन फिल्म फेस्टिवल में हुई थी, जहां अभिनेता डैनी डेविटो ने दोनों का परिचय कराया था।

# वीर पहाड़िया की 'इश्क का गुलाम' को सौंदर्या शर्मा का डांस शाउटआउट, 'प्रेम कीटाणु' की रिलीज से पहले बढ़ा बज़

**मुंबई** वीर पहाड़िया की अपकमिंग फिल्म 'प्रेम कीटाणु' का म्यूजिक पहले से ही दर्शकों के बीच चर्चा में बना हुआ है और अब इसमें एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा भी फिल्म के पॉपुलर ट्रैक 'इश्क का गुलाम की एक्साइटमेंट में शामिल हो गई हैं। गौरतलब है कि सौंदर्या शर्मा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक डांस वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह 'इश्क का गुलाम' गाने पर अपने डांस मूव्स दिखाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में वीर पहाड़िया को टैग करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए लिखा है, 'लाल परी भी हुई, इश्क का गुलाम' और इसके साथ ही उन्होंने आगे लिखा है, 'ये तुम्हारे लिए है, अब और इंतजार नहीं कर सकती। ढेर सारी शुभकामनाएं। फिलहाल सौंदर्या शर्मा का यह डांस वीडियो ऐसे समय में आया है, जब वीर पहाड़ियों 'प्रेम कीटाणु' की रिलीज की तैयारियों में जुटे हैं। फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सोशल मीडिया पर 'इश्क का गुलाम' को मिल रहे रिस्पॉन्स के बीच सौंदर्या के डांस वीडियो ने गाने और फिल्म को लेकर बन रहे बज़ को और बढ़ा दिया है। वीर पहाड़िया स्टारर 'प्रेम कीटाणु' में रोमांस, यंग एनर्जी और ड्रामा का मिश्रण देखने को मिलेगा। रिलीज डेट नजदीक आने के साथ फिल्म के गाने और वीर की मौजूदगी दर्शकों का ध्यान लगातार अपनी ओर खींच रही है और 2 अक्टूबर को फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।



# नए हैरी पॉटर की हॉगवर्ट्स में दस्तक, डोमिनिक मैकलॉघलिन ने संभाली जादू की कमान

**दुनिया** भर के हैरी पॉटर फैंस के लिए आखिरकार इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। HBO की बहुप्रतीक्षित Harry Potter सीरीज का टीजर ट्रेलर जारी कर दिया गया है। करीब 2 मिनट 37 सेकंड के इस टीजर में दर्शकों को एक बार फिर हॉगवर्ट्स की जादुई दुनिया में लौटने का मौका मिलेगा, लेकिन इस बार कहानी नए कलाकारों के साथ आगे बढ़ेगी। नई सीरीज में डोमिनिक मैकलॉघलिन हैरी पॉटर की भूमिका में नजर आएंगे। वह 11 साल के उस जादूगर का किरदार निभा रहे हैं, जिसे इससे पहले फिल्म फ्रेंचाइजी में डेनियल रेडक्लिफ ने अपनी पहचान दी थी। नए चेहरों के साथ फिर शुरू होगी हैरी की कहानी टीजर में हैरी पॉटर की जिंदगी में आने वाले उस बड़े बदलाव की झलक दिखाई गई है, जब उसे पता चलता है कि वह एक साधारण बच्चा नहीं, बल्कि जादुई शक्तियों वाला जादूगर है। इसके बाद उसकी हॉगवर्ट्स तक की यात्रा शुरू होती है। नई सीरीज में हैरी के साथ रॉन वीस्ली और हर्मियोनी ग्रेंजर के किरदार भी नए कलाकार निभा रहे हैं। तीनों की मुलाकात, दोस्ती और हॉगवर्ट्स में उनके शुरुआती दिनों को कहानी का अहम हिस्सा बनाया गया है।



CMYK

page 7_Layout 1 27-09-2026 16:40 Page 1



# 'मन की बात' में पीएम मोदी ने पोषण माह पर की बात, छत्तीसगढ़ से मिजोरम तक की पहलों को सराहा

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 138वें एपिसोड में देश में कुपोषण के खिलाफ चल रहे जन-आंदोलन की जमकर तारीफ की। पीएम ने कहा कि सितंबर का महीना कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने और एक स्वस्थ व बेहतर पोषण वाले भारत के निर्माण के लिए समर्पित है। पूरे देश में कुपोषण से निपटने और पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई प्रेरणादायक पहल की जा रही हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'सितंबर का ये महीना कुपोषण से लड़ाई को समर्पित है। पोषण माह में अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग और संस्थाएं इस नेक कार्य के लिए एक साथ आती हैं। छत्तीसगढ़ ने 'हर घर मुनगा-घर-घर मुनगा' अभियान शुरू किया है। इसमें लोगों को पौष्टिक मुनगा यानि मोरिंगा को अपने खान-पान में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मोरिंगा को पोषण का पावरहाउस माना जाता है। पीएम ने कहा, इसी तरह गुजरात ने भी एक अनोखी पहल की है और बांगी स्पर्धा यानि मिलेट्स से बने व्यंजनों का कॉम्पिटिशन शुरू किया है। इस पहल के जरिए सस्ते और पौष्टिक स्थानीय खान-पान को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक दो लाख से ज्यादा लोग इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुके हैं। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने की यह पहल पोषण के साथ-साथ किसानों को भी फायदा पहुंचा रही है। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के प्रयासों को भी सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि वहां टीचर्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और बच्चों के माता-पिता एक साथ मिलकर जागरूकता अभियान से जुड़ रहे हैं। स्कूल और समुदाय का यह संगम कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत कर रहा है। मिजोरम का उदाहरण देते हुए पीएम ने कहा, इस साल वहां लोगों ने साथ मिलकर पोषण वाटिकाओं की देखभाल के लिए एक अभियान शुरू किया है। यह मिजो समाज की गौरवशाली परंपरा 'तलो-मड़-यना' के अनुरूप है, जिसका अर्थ है 'निस्वार्थ सेवा और दूसरों की मदद में हमेशा आगे रहना'। ऐसे प्रयास बेहद सराहनीय हैं और हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़े लोगों पर गर्व जताया। उन्होंने बताया कि तकनीक के इस्तेमाल से पोषण अभियान को नई ताकत मिली है।

पीएम ने कहा, 'ये आंगनवाड़ी केंद्र अब 'पोषण ट्रैकर' से डिजिटली जुड़ गए हैं। करीब 9 करोड़ लाभार्थी इसमें रजिस्टर्ड हो चुके हैं। इससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की बेहतर देखभाल संभव हुई है। अंत में पीएम मोदी ने देशवासियों से अपील की कि कुपोषण के खिलाफ इस लड़ाई को इसी तरह आगे लेकर जाना है और समाज को कुपोषण से पूरी तरह मुक्त करना है।

## राम मंदिर मामले में चंपत राय और अनिल मिश्रा को गवाह बनाए जाने पर दिनेंद्र दास बोले-सरकार का फैसला मानेंगे

**अयोध्या।** राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य दिनेंद्र दास ने कहा कि मंदिर के रीति-रिवाज और दान का काम ठीक से चल रहा है और राम मंदिर ट्रस्ट के पुराने अधिकारियों को गवाह बनाए जाने के मामले में ट्रस्ट सरकार का फैसला मानेगा। आईएएनएस से बातचीत करते हुए दिनेंद्र दास ने कहा, 'अयोध्या के संत और महंत संतुष्ट हैं। श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने आते हैं और खुद दान करते हैं।' चंपत राय, अनिल मिश्रा को सरकारी गवाह बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि रामलला भगवान थे लेकिन समाज की ओर से कुछ कमी के बारे में बताया गया तो उनको मानना पड़ा और वनवास में जाना पड़ा। समाज ने सवाल उठाया तो सरकार को मानना पड़ा। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में चंपत राय और अनिल मिश्रा को सरकारी गवाह बनाए जाने पर बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा, 'राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला बहुत गंभीर है। चंपत राय और अनिल मिश्रा इस जगह की देखरेख कर रहे थे। जांच समिति ने उन्हें बेकसूर पाया। जब यह मामला गंभीर हो गया और पूरे देश में इस पर चर्चा हुई, तो यह एक संवेदनशील मुद्दा बन गया। जो लोग बेदाग रहे, उन पर दूसरों ने गलत आरोप लगाए थे लेकिन उन्हें न्याय मिला है।

# हिमाचल को 2027 तक आत्मनिर्भर और 2032 तक समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्यः सीएम सुक्खू

डेली आवाज भारती



**सोलन। हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक हिमाचल को आत्मनिर्भर और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना है। सरकार राजस्व के नए स्रोत तलाशने, भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करने और प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस सरकार सत्ता में आई थी, तभी प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया था। इसी दिशा में सरकार ने काम शुरू किया और अब इसके परिणाम दिखाई देने लगे हैं। किशाऊ परियोजना को लेकर सरकार की लड़ाई और जीत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे सरकार का आत्मविश्वास बढ़ा है। यदि केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली आरडीजी बंद नहीं की गई होती तो हिमाचल प्रदेश अब तक आत्मनिर्भर हो चुका होता। उन्होंने कहा कि सरकार फिलहाल एरियर से मिलने वाली संभावित करीब 500 करोड़ रुपए की राशि, वाटर और शानन प्रोजेक्ट से जुड़े मामलों के परिणाम का इंतजार कर रही है। पानी से जुड़ी परियोजनाएं प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। सरकार प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए नए आय स्रोतों पर काम कर रही है। भ्रष्टाचार के कथित चोर दरवाजे बंद करने और विभिन्न आय स्रोतों को बढ़ाने के प्रयासों से आने वाले वर्षों में करीब 4 से 5 हजार करोड़ रुपए की बचत होने की संभावना है। वाइल्ड फ्लावर हॉल का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 वर्षों में वहां से कोई राशि नहीं मिली, लेकिन अब सरकार ने करीब 401 करोड़ रुपए प्रदेश के खजाने में जमा करवाए हैं। इसी तरह उन्होंने जेएसडब्ल्यू जिंदल कंपनी से करीब 150 करोड़ रुपए सालाना लेने की बात कही, जिसे उनके मुताबिक पिछले कई वर्षों से नहीं लिया गया था। उन्होंने कहा कि जब राज्य के पास पर्याप्त पैसा होगा तो युवाओं के लिए नए अवसरों के दरवाजे खुलेंगे। सरकार अभी आर्थिक संसाधन जुटाने पर काम कर रही है और आने वाले समय में इसका लाभ प्रदेश के लोगों को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार वेलनेस सेंटर, वाटर पार्क और जू जैसी परियोजनाओं पर भी काम कर रही है। करीब 40 वर्षों से बिगड़ी व्यवस्थाओं को सुधारने में समय लगता है, लेकिन अब सरकार के प्रयासों के परिणाम दिखाई देने शुरू हो गए हैं। 2027 तक आत्मनिर्भर बनने के बाद सरकार का लक्ष्य 2032 तक हिमाचल प्रदेश को देश का सबसे समृद्ध और अमीर राज्य बनाना है। किसानों की आय समेत विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली आय को बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

# 29 सितंबर को दौसा में होगा कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

डेली आवाज भारती

## जिला कलेक्ट्रेट तक निकलेगा पैदल मार्च





**दौसा।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 29 सितम्बर को प्रातः 11 बजे जिला परिषद के गेट के सामने सभी कार्यकर्त्ता इकठ्ठा होकर पैदल मार्च करेंगे और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी दौसा के जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ़ करेंगे। जिला प्रवक्ता मुकेश राणा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित इस विरोध-प्रदर्शन में निर्वाचन आयोग से जुड़े निर्णयों, मतदाता सूची में किए गए बदलावों तथा संबंधित मामलों की व्यापक एवं स्वतंत्र समीक्षा की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, सभी चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, प्रधान, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, पार्षद तथा विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# भारत के खिलाफ आतंकवाद को हवा देने वाले देश से बातचीत की गुंजाइश खत्म : राजनाथ सिंह

डेली आवाज भारती

**नई दिल्ली।** हमारी नीति बहुत स्पष्ट है। भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन अपनी सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा। यह बात रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि भारत बातचीत में विश्वास रखता है। लेकिन यदि कोई देश भारत के खिलाफ आतंकवाद को हवा देगा तो बातचीत की गुंजाइश ही खत्म हो जाती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सहयोग चाहता है, लेकिन राष्ट्रीय हित की कीमत पर नहीं। भारत वैश्विक स्थिरता चाहता है, लेकिन अपनी रणनीतिक स्वायत्तता छोड़कर नहीं। उन्होंने बताया कि अभी शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा है कि जो देश आतंकवाद को अपनी नीति का साधन बनाते हैं, आतंकियों को पनाह और समर्थन देते हैं, उन्हें कड़ा संदेश देना होगा कि आतंकवाद किसी के लिए रणनीतिक संपत्ति नहीं हो सकता। जब तक हमारा पड़ोसी देश आतंकवाद की राज्य नीति पर कायम रहेगा, भारत भी आतंकवाद के खिलाफ हर तरह की कार्रवाई के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के साथ सम्मानजनक संबंध चाहता है। संवाद के रास्ते से हर समस्या का समाधान चाहता है। सभी के लिए साझी समृद्धि चाहता है। हम सामूहिक सुरक्षा के मूल्य में विश्वास रखते हैं। रक्षामंत्री ने कहा, ÷मैं एक बात बिल्कुल स्पष्ट करना चाहता हूं। भारत शांति में विश्वास करता है। भारत युद्ध नहीं चाहता। भारत किसी देश की जमीन पर कब्जा नहीं चाहता। भारत किसी देश को धमकाना नहीं चाहता। लेकिन, शांति और कमजोरी में अंतर होता




है। भारत शांति चाहता है। लेकिन भारत अपनी सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को केवल आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य नहीं दिया। उन्होंने भारत को अपने सामर्थ्य पर विश्वास करना सिखाया है। यह बदलाव रक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं है। आज डीआरडीओ केवल रक्षा अनुसंधान और विकास करने वाला संस्थान नहीं है। वह उद्योगों, विश्वविद्यालयों, नए उद्यमों और वैज्ञानिकों को जोड़ने वाला राष्ट्रीय नवाचार मंच बन चुका है। रक्षामंत्री का कहना है, हमारा एकदम स्पष्ट लक्ष्य है कि हमारे नए उद्यमों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के हाथों को मजबूती दी जाए। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने 2400 करोड़ रुपए से अधिक की खरीदारी नए उद्यमों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से करने की मंजूरी दी है। 1500 करोड़ रुपए से अधिक के परियोजनाओं को नई तकनीक के विकास के लिए स्वीकृत किया गया है। राजनाथ सिंह ने कहा, आज भारत के युवा एआई पर काम कर रहे हैं, मानव रहित विमान बना रहे हैं, रोबोटिकी पर काम कर रहे हैं, क्वांटम तकनीकों को विकसित कर रहे हैं, और साइबर सुरक्षा के समाधान बना रहे हैं। स्वायत्त प्रणालियों पर काम कर रहे हैं। यानी भारत का युवा अब केवल भविष्य की नौकरी के लिए तैयार नहीं हो रहा। वह भारत के भविष्य के युद्ध के लिए तकनीक तैयार कर रहा है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के रक्षा औद्योगिक गलियारों में अब तक करीब 70,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं। लगभग 10,000 करोड़ रुपए का निवेश हो चुका है। आज भारतीय रक्षा उत्पाद दुनिया के 100 से अधिक देशों तक पहुंच रहे हैं। इन देशों में एशिया और अफ्रीका के साथ-साथ लैटिन अमेरिका और यूरोप के देश भी शामिल हैं। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में हम पूरी आपूर्ति श्रृंखला को भारत में ही विकसित करने पर काम कर रहे हैं। इसी तरह महत्वपूर्ण खनिजों में आयात पर निर्भरता कम करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे उदय का उद्देश्य किसी दूसरे देश को पीछे छोड़ने या मौजूदा व्यवस्था को तोड़ने के लिए नहीं है।

# एलएनजी से चलने वाली देश की पहली ट्रेन को गृह मंत्री अमित शाह ने दिखाई हरी झंडी

डेली आवाज भारती



**अहमदाबाद। गुजरात** के अहमदाबाद में रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साबरमती रेलवे स्टेशन से एलएनजी से चलने वाली देश की पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आज हम साबरमती की उस धरती पर खड़े हैं, जो आत्मशक्ति और सत्य के प्रयोगों की भूमि रही है। यहां से कुछ ही किलोमीटर दूर महात्मा गांधी ने अपना आश्रम स्थापित किया था और साबरमती आश्रम को देशभर में स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र बनाया था। यहीं से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह, सादा जीवन, ग्रामीण विकास और खादी से जुड़े अपने प्रयोगों को जमीनी स्तर पर लागू करना शुरू किया। अमित शाह ने कहा कि आज साबरमती डिवीजन में भारतीय रेलवे की कई परियोजनाओं की शुरुआत हो रही है। इनमें कुछ परियोजनाएं पर्यावरण संरक्षण से, कुछ यात्रियों की सुविधा से और कुछ यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी हैं।

उन्होंने साबरमती रेलवे स्टेशन में हुए बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि कोई यकीन नहीं कर सकता कि यह वही स्टेशन है जहां 1980 के दशक में लोगों को रिक्शा लेने के लिए करीब दो किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। आज यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में यहां बड़ा बदलाव आया है। यहां से मेट्रो रेल, राज्य परिवहन बस स्टैंड और आने वाली हाई-स्पीड रेल सेवा तक पहुंच संभव होगी। साबरमती में 1,472 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास आने वाले दिनों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को और मजबूत करेगा।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे ने विकास की नई गति पकड़ी है। प्रीमियम स्टेशन, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और रैपिड रेल सिस्टम के बाद अब हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन की शुरुआत के साथ भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है। भारत में बनाए जा रहे लोकोमोटिव में करीब 94 प्रतिशत हिस्सा %मेक इन इंडिया% का है और जल्द ही 100 प्रतिशत स्वदेशी उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा।

अमित शाह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत साबरमती रेलवे डिवीजन की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि साबरमती डिवीजन में पर्यावरण, यात्री सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी कई नई पहल शुरू की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि आज एक महत्वपूर्ण शुरुआत हुई है। 1,200 हॉर्सपावर की क्षमता वाला ट्विन-सेक्शन इंजन लगभग 600 ट्रकों के बराबर माल ढुलाई की क्षमता रखता है। पहले इसके लिए दो लोकोमोटिव की जरूरत पड़ती थी लेकिन अब एक डब्ल्यूएजी-12 इंजन यह काम कर सकता है। इससे देश का रेलवे सिस्टम एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंचेगा। देश में डबल डेकर मालगाड़ी का ट्रायल जारी है, जिससे माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं, दिल्ली से हावड़ा और दिल्ली से गुवाहाटी तक करीब 11,000 किलोमीटर लंबे रेल कॉरिडोर को चार-लेन नेटवर्क में बदलने की दिशा में काम किया जा रहा है। इससे ट्रैफिक और कनेक्टिविटी को भी लाभ मिलेगा। 2014 से पहले रेलवे के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत नहीं हुई थी। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, रैपिड रेल सिस्टम और प्रीमियम स्टेशन जैसी परियोजनाओं को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाया है। अमित शाह ने रेलवे विद्युतीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि देश में रेलवे का 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो

# हिमाचल प्रदेशः गुरु अमर दास साहिब के ज्योति जोत दिवस के मौके पर कीर्तन और कवि दरबार का आयोजन

डेली आवाज भारती



**नाहन। सिरमौर** जिले के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पोंटा साहिब में सिखों के तीसरे गुरु, गुरु अमर दास साहिब महाराज के ज्योति जोत दिवस (पुण्यतिथि) के मौके पर कीर्तन समागम और कवि दरबार जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पांवटा साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के मैनेजर गुरमीत सिंह ने कहा, ÷तीसरे सिख गुरु, गुरु अमर दास महाराज के ज्योति जोत दिवस के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक गुरुद्वारा पांवटा साहिब में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर रात एक विशेष कवि दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के साथ हुई।÷ गुरु अमर दास साहिब महाराज सिख धर्म के तीसरे गुरु थे, जिन्होंने समानता, सेवा और मानवता के प्रचार-प्रसार में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका जन्म 5 मई 1479 (वैशाख शुक्ल 14) को अमृतसर के %बासरके% (बसारके) गांव में हुआ था। उनका विवाह मंसा देवी से हुआ था। उनकी चार संतान (मोहरी, मोहन, दानी और भानी) थीं। गुरु अमर दास साहिब को 19 मार्च 1552 को खडूर साहिब में श्री गुरु अंगद देव द्वारा तीसरी गुरू गद्दी पर सुशोभित किया गया था। 22 वर्षों तक वे गुरु पद पर रहे थे। उन्होंने %पहले पंगत फिर संगत% के नियम को कड़ाई से लागू किया, जिसके तहत छोटे-बड़े सब एक साथ जमीन पर बैठकर लंगर छकते थे। इससे छुआछूत और ऊंच-नीच का भेद समाप्त हुआ। इसके अलावा उन्होंने सती प्रथा, पर्दा प्रथा का विरोध, विधवा विवाह की इजाजत और आनंद साहिब की बाणी जैसे बड़े सुधार भी किए।

# सेक्टर-45 व 46 के पार्कों में लगेंगी आकर्षक पशु आकृतियों वाली टोपियरी

डेली आवाज भारती



**पार्षद** गुरप्रीत सिंह गाबी ने किया शुभारंभ, करीब 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों से पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड नंबर 34 के अधीन पड़ते सेक्टर-45 व 46 के पार्कों की सुंदरता बढ़ाने के लिए अब इनमें आकर्षक पशु आकृतियों वाली टोपियरी लगाई जाएंगी। रविवार को वार्ड-34 के पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों और नारी शक्ति के सदस्यों के हाथों सेक्टर-45 ए में मकान नंबर 127 के सामने स्थित पार्क से विधिवत रूप से टोपियरी लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। गुरप्रीत सिंह गाबी ने बताया कि सेक्टर-45 व 46 के विभिन्न पार्कों में टोपियरी आकृतियां लगाई जाएंगी, जिससे पार्कों को नया रूप मिलेगा और उनकी सुंदरता में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि अभी तक वार्ड के इन पार्कों में इस तरह की पशु आकृतियां नहीं लगाई गई थीं। आमतौर पर टोपियरी का इस्तेमाल वीआईपी सेक्टरों, बड़े पार्कों और ग्रीन बेल्ट में किया जाता रहा है, लेकिन अब सेक्टर-45 व 46 के पार्कों में भी लोग इनकी सुंदरता का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि टोपियरी खासकर बच्चों को आकर्षित करती हैं और पार्कों में सेल्फी प्वाइंट के रूप में भी लोगों को पसंद आती हैं। पार्कों में घूमने, व्यायाम और जॉगिंग के लिए आने वाले लोगों के लिए भी ये आकर्षण का केंद्र बनेंगी। गाबी ने बताया कि सेक्टर-45 व 46 के पार्कों की साज-सज्जा और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए करीब तीन करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इन कार्यों का उद्देश्य पार्कों में आने वाले वॉकर, जिम करने वालों और जॉगिंग करने वालों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-46सी के श्रब गार्डन में नया जॉगिंग ट्रैक बनाया जा रहा है। इसके अलावा अलग-अलग प्रकार के ओपन जिम उपकरण और झूले भी लगाए जाएंगे, ताकि लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी चुस्त-दुरुस्त रहने की सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर वार्डवासी एम.एल. कालरा, सुखविंदर सिंह, वनीत गर्ग, सुखपाल कौर, सी.एस. भसीन, कांता जिंदल, कालरा, मुक्ता मणि, गुरशरण भसीन, पंकज गुप्ता, तरक्की लाल बहल, राजीव मित्तल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# युद्ध का स्वरूप बदल रहा है, हमारी सोच को भी लगातार बदलना होगाः सेना प्रमुख

डेली आवाज भारती



**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल देश में हथियार और सैन्य उपकरण बनाना नहीं है। भारत के पास ऐसी क्षमता होनी चाहिए जिससे वह लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में अपनी सैन्य ताकत को बनाए रख सके। रविवार को यह बात थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने कही। उन्होंने कहा कि ऐसी क्षमता होनी चाहिए जिससे बदलती जरूरतों के अनुसार सैन्य ताकत को ढाल सके और लगातार मजबूत कर सके। उन्होंने आज के युद्धों को 'रुक-रुक कर होने वाले युद्ध' बताया है। 'बदलते युद्ध के दौर में आत्मनिर्भरता' विषय पर बोलते हुए थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि युद्ध का स्वरूप, तकनीक और उसकी अवधि तेजी से बदल रही है। इसलिए सैन्य क्षमता के विकास और आत्मनिर्भरता की हमारी सोच को भी लगातार बदलना होगा। साल 1971 में ढाका में हुए ऐतिहासिक आत्मसमर्पण का जिक्र करते हुए जनरल सेठ ने कहा, ÷पिछली सदी के युद्धों की एक स्पष्ट समाप्ति होती थी। 1971 की वह तस्वीर ऐसा ही एक क्षण थी, जब यह साफ था कि युद्ध समाप्त हो गया है। लेकिन आज के युद्धों में ऐसी स्पष्ट समाप्ति दिखाई नहीं देती। संघर्ष लंबे समय तक चलते हैं और बीच-बीच में भीषण लड़ाई होती रहती है। तकनीक लड़ाइयों की अवधि कम कर सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि वह युद्धों की अवधि भी कम करे। ये 'रुक-रुक कर होने वाले युद्ध' हैं। उन्होंने कहा कि सैन्य क्षमता को तैयार करने, विकसित करने, परखने और सेना में शामिल करने में कई वर्ष लगते हैं, जबकि तकनीक बहुत कम समय में बदल जाती है। इसलिए चुनौती केवल स्वदेशी हथियार बनाने की नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने की भी है कि सेना में शामिल होने तक वह तकनीक उपयोगी और आधुनिक बनी रहे। उन्होंने कहा, 'हर परिस्थिति के लिए एक ही समाधान कारगर नहीं हो सकता। भारतीय सेना समुद्र तल से लेकर अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक और अत्यधिक गर्मी से लेकर शून्य से काफी नीचे के तापमान तक काम करती है। इसलिए हमारी सैन्य क्षमताएं भारत की अपनी भौगोलिक परिस्थितियों, अलग-अलग इलाकों और सैन्य जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए। कुछ सौ डॉलर की कीमत वाला ड्रोन लाखों डॉलर की कीमत वाले सैन्य प्लेटफार्म के लिए खतरा बन सकता है। कम कीमत वाली, स्मार्ट और बड़े पैमाने पर उपलब्ध तकनीक अब बेहद महंगे सैन्य हथियारों और उपकरणों के लिए भी खतरा बन सकती है।

CMYK

page 8_Layout 1 27-09-2026 21:31 Page 1



# श्री अकाल तख्त साहिब हमारे सभी के लिए सर्वोच्च हैं; श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्रता की रक्षा के लिए सख्त से सख्त कानून सुनिश्चित किया जाएगा: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

**■ हमारा उद्देश्य स्पष्ट है कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्रता हर हाल में कायम रहे**

डेली आवाज भारती



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज दोहराया कि श्री अकाल तख्त साहिब हम सभी के लिए सर्वोच्च हैं और उनकी सरकार बेअदबी के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी ढांचे को सुनिश्चित कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्रता की रक्षा के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। राज्य सरकार द्वारा गठित सात सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी के साथ हुई विस्तृत बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बेअदबी करने वालों के लिए उम्रकैद और भारी जुर्माना इस कानून का मुख्य आधार हैं और इसमें कोई ढील नहीं दी जा सकती। आज यहां मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026' की कुछ धाराओं को लेकर उठाई गई आशंकाओं तथा विचार-विमर्श और आपसी सहमति के माध्यम से इनके समाधान पर चर्चा की गई। उन्होंने कमेटी को निर्देश दिया कि प्रस्तावित संशोधनों की समीक्षा की जाए, सुझावों पर विचार किया जाए और सहमति बनाने के लिए श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गठित पैनल के साथ विस्तृत एवं निरंतर बैठकें की जाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि यह कानून श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्रता की रक्षा के प्रति अपनी मूल भावना पर कायम रहे और सिख संगत के आहत हृदयों पर मरहम लगाने का काम करे। इस दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गठित पैनल के साथ इस कानून की धाराओं पर चर्चा करने और सहमति बनाने की दिशा में काम करते समय इस कानून की मूल भावना और मुख्य उद्देश्य से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। बेअदबी करने वालों के लिए उम्रकैद और भारी जुर्माने की व्यवस्था इस कानून का मुख्य आधार है। इसलिए इसमें कोई ढील नहीं दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि इस कानून ने बेअदबी की बार-बार हो रही घटनाओं के कारण सिख संगत के आहत हृदयों को राहत प्रदान की है। पहली बार ऐसा घिनौना अपराध करने के बारे में सोचने वालों में भय की भावना पैदा हो रही है। उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य बेअदबी के दोषियों के लिए सख्त से सख्त सजा सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति कभी भी ऐसा गंभीर अपराध करने का साहस न कर सके। 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026' की कुछ धाराओं को लेकर कुछ आशंकाएं व्यक्त की गई हैं और हम इन आशंकाओं पर पूरी तरह विचार करने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, इस उद्देश्य के लिए हमारी सरकार ने धार्मिक क्षेत्र से जुड़ी प्रतिष्ठित शख्सियतों, बुद्धिजीवियों और कानूनी विशेषज्ञों वाली सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

# पंजाब की एक और प्राइवेट यूनिवर्सिटी में 'अफवाहों' को लेकर हंगामा, छात्रों ने जाम किया हाईवे

डेली आवाज भारती




**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में कथित रूप से सोशल मीडिया पर छात्रा के साथ दुष्कर्म के दावों के बाद छात्रों ने हंगामा किया। छात्रों ने संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, आगजनी की और एक राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। अफवाह थी कि कैंपस में एक बाहरी व्यक्ति ने एक छात्रा के साथ दुष्कर्म किया है। इससे छात्र भड़क गए और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि, पुलिस ने दुष्कर्म की किसी भी शिकायत की पुष्टि नहीं की। पुलिस ने बताया कि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में हुए हंगामे के कारण प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के जालंधर-फगवाड़ा हिस्से को कई घंटों तक जाम रखा, जबकि विश्वविद्यालय परिसर में संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और कुछ वस्तुओं में आग लगा दी गई। यूनिवर्सिटी ने भी सोशल मीडिया पर किए गए दावों का खंडन किया। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार मोनिका गुलाटी ने एक बयान में कहा, ÷अभी जो अफवाहें फैलाई जा रही हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों और आम जनता से आग्रह किया कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और उन्हें बढ़ावा न दें, बल्कि विश्वविद्यालय के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से जारी की गई जानकारी पर ही भरोसा करें। गुलाटी ने कहा कि विश्वविद्यालय को पता चला है कि असामाजिक तत्व सोशल मीडिया और अन्य चैनलों के माध्यम से झूठी और मनगढ़ंत जानकारी फैला रहे हैं, जिससे छात्रों के बीच भ्रम पैदा हो रहा है और पढ़ाई-लिखाई का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस जानकारी का प्रसार विश्वविद्यालय को बदनाम करने और उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की एक सोची-समझी कोशिश लगती है।

# 50 हजार की रिश्वत लेती कोर्ट एसे खां एसएचओ गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



**मोगा।** शिकायतकर्ता राजविंदर सिंह विजिलेंस की तय रणनीति के अनुसार 50 हजार रुपये लेकर जीरा रोड स्थित निर्धारित स्थान पर पहुंचा। वहां पहले से तैयार विजिलेंस टीम ने सरकारी गवाहों की मौजूदगी में गनमैन गुरअवतार सिंह को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। इसके तुरंत बाद विजिलेंस अधिकारियों ने थाना प्रभारी की भूमिका की पुष्टि के लिए गनमैन से फोन करवाया।

फोन पर गनमैन ने इंस्पेक्टर सुनीता बावा को सूचित किया कि 50 हजार रुपये की रिश्वत मिल गई है। जवाब में महिला इंस्पेक्टर ने कथित रूप से कहा कि वह रकम लेकर उनके घर आ जाए। घर पर छापेमारी कर महिला इंस्पेक्टर को किया काबू ॅल पर रिश्वत की पुष्टि होते ही विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने इंस्पेक्टर सुनीता बावा के आवास पर छापेमारी की। अधिकारियों ने मौके से ही महिला थाना प्रभारी को हिरासत में ले लिया। इस पूरी नाटकीय कार्रवाई ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कार्रवाई के बाद विजिलेंस अधिकारियों ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि, मामले के संबंध में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का आधिकारिक पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका संपर्क नहीं हो सका। कोट ईसे खां और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पुलिस अधिकारियों द्वारा रिश्वत मांगने की इस घटना से जनता में गहरा असंतोष है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस थानों में आम लोगों की सुनवाई के बदले पैसों की मांग से कानून-व्यवस्था पर से भरोसा उठता है। विजिलेंस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के भ्रष्ट अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

# यूनिवर्सल पीस फेडरेशन की ओर से डॉ.एस.पी.सिंह ओबराय 'अंबैसडर फॉर पीस' अवार्ड से सम्मानित

**■ अंबैसडर फॉर पीस' अवार्ड से सम्मानित**

डेली आवाज भारती



**अमृतसर/अजनाला, के.एस. बेदी** - अपनी अनोखी सेवा कार्यशैली के कारण पूरी दुनिया के अंदर मानवता के मसीहा के रूप में जाने जाते प्रसिद्ध समाज सेवक और सरबत का भला चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ.एस.पी. सिंह ओबराय को डी.सी. वाशिंगटन, अमेरिका में आयोजित किए गए एक विशेष समारोह के दौरान यूनिवर्सल पीस फेडरेशन (यू.पी.एफ.) की ओर से ÷अंबैसडर फॉर पीस÷ नामक प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिस दौरान विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख शख्सियतें भी मौजूद थीं। इस संबंधी जानकारी साझा करते हुए सरबत का भला ट्रस्ट के प्रवक्ता मनप्रीत सिंह संधू ने बताया कि डॉ. ओबराय को यह अवार्ड यूनिवर्सल पीस फेडरेशन यू.एस.ए. की वाइस प्रेजीडेंट टोमीको दुगान की ओर से उनकी बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंद लोगों के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्यों में हमेशा की जाती पहल और समाज भलाई के अन्य अनेकों ही क्षेत्रों में निरंतर डाले जा रहे बेमिसाल योगदान के लिए भेंट किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त समारोह को संबोधित करते हुए टोमीको दुगान ने डॉ. ओबराय को ÷भाईचारे का अनमोल हीरा÷ करार देते हुए कहा कि डॉ. ओबराय की निस्वार्थ सेवाओं ने अनगिनत लोगों की जिंदगी में आशा की किरण जगाई है। उन्होंने यह भी विश्वास प्रकट किया कि यूनिवर्सल पीस फेडरेशन के साथ डॉ.ओबराय की यह साझेदारी शांति, एकता,आपसी सम्मान और मानव कल्याण के विश्वव्यापी मिशन को और भी मजबूत करेगी। समारोह को संबोधित करते हुए भाईचारे की अन्य प्रमुख शख्सियतों ने डॉ.एस.पी.सिंह ओबराय को इस अवार्ड की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ÷अंबैसडर फॉर पीस÷ का सम्मान उनकी समाज भलाई को समर्पित निस्वार्थ सेवाओं की योग्य पहचान है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ.ओबराय द्वारा हदों-सरहदों से ऊपर उठकर बिना किसी धर्म,जाति या रंग के भेदभाव के हजारों ही जरूरतमंद बुजुर्गों,विद्यार्थियों की पढ़ाई,गरीब परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं,मुसीबत में फंसे लोगों की सहायता,विदेशों में जान गंवाने वाले लोगों के मृतक शरीर वारिसों तक पहुंचाने और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित इलाकों में किए जाने वाले बड़े राहत कार्यों की बदौलत दुनिया भर में डॉ.ओबराय को हर क्षेत्र के लोगों द्वारा सम्मानित किया जाता है,जो हमारे भाईचारे के लिए बड़े गर्व वाली बात है। प्रवक्ता अनुसार डॉ.ओबराय ने इस प्रतिष्ठित सम्मान और गर्मजोशी से स्वागत के लिए यूनिवर्सल पीस फेडरेशन और भाईचारे के समूह नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह मानवता की सेवा और विश्व शांति के अपने मिशन को और समर्पण से आगे भी जारी रखेंगे।

समारोह के दौरान उपरोक्त के अलावा डॉ.सुरिंदर सिंह गिल चेयरमैन इंटरनेशनल फोरम यू.एस.ए., डॉ.दविंदर सिंह गिल डायरेक्टर सिखस ऑफ़ पंजाबी क्लब मैरीलैंड, के.के. सिद्धू संस्थापक पंजाबी क्लब मैरीलैंड,रणजीत चहल सचिव पंजाबी क्लब, गुरचरण सिंह गुरु प्रधान वर्ल्ड यूनाइटेड गुरु नानक फाउंडेशन, जगविंदर सिंह,डॉ.करीना हू पेटेंट-इन-चीफ इंटरनेशनल फोरम यू.एस.ए.,नौनिहाल सिंह,निरपजीत सिंह, रणजीत राणा, रॉयल ताज के मालिक जसविंदर सिंह और ललित झा समेत कई प्रमुख शख्सियतें उपस्थित थीं।

# विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी ने युवाओं से खेलकूद में भाग लेने की अपील की

**■ कह, लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए हर जिले में जन-सुनवाई की जा रही है**

डेली आवाज भारती



**बरनाला / महलकलां, (हेमन्त मित्तल)** : कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक एस. कुलवंत सिंह पंडोरी ने कहा कि बरनाला साहित्यकारों और सामाजिक रूप से जागरूक नागरिकों का जिला है। उन्होंने युवाओं से भगत सिंह के आदर्शों को अपनाते हुए समाज सेवा और खेलकूद में भाग लेने की अपील की। इससे पहले, राज्य पुरस्कार विजेता और मानवाधिकार आयोग की बरनाला ज़िला कोर कमेटी के सदस्य भोला सिंह विर्क ने सभा को संबोधित किया और मुख्य अतिथि पद्म श्री जतिंदर सिंह शांती और विशेष अतिथि कुलवंत सिंह पंडोरी (क्षेत्र के विधायक और पंजाब विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष) सहित सभी खास मेहमानों का स्वागत किया। पंजाब राज्य और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग (PSHRC) के सदस्य पद्म श्री जतिंदर सिंह शांती ने आज चन्ननवाल का दौरा किया और कम्युनिटी हॉल में स्थानीय निवासियों से बातचीत की। इस मौके पर, चन्ननवाल की ग्राम पंचायत और स्थानीय समुदाय ने गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज, संगहेरा के सहयोग से शहीद-ए-आज़म एस. भगत सिंह को समर्पित एक कार्यक्रम आयोजित किया। सभा को संबोधित करते हुए, पद्म श्री जतिंदर सिंह शांती ने शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के महान बलिदान का ज़िक्र किया और लोगों से उनके आदर्शों को अपनाते हुए खुद को जनसेवा के लिए समर्पित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार आयोग लोगों की शिकायतों को सुनने, समस्याओं का समाधान करने और ज़रूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आयोग ने मानवाधिकारों के उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर (9855475547) शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जो लोग चंडीगढ़ नहीं जा सकते, वे बरनाला जिले में कोर कमेटी के सदस्यों के पास अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ज़मीनी हकीकत जानने के लिए वे लगातार सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को ज़रूरी निर्देश दिए। इस मौके पर, पंजाब स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी सहित कई संगठनों ने पद्म श्री जतिंदर सिंह शांती को सम्मानित किया।

# मेहल कलां में श्री गुरु रविदास जी को समर्पित ड्रोन शो का आयोजन

डेली आवाज भारती





**मेहल कलां।** पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व (जन्म जयंती) के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत मेहल कलां में एक शानदार ड्रोन शो का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर, मेहल कलां निर्वाचन क्षेत्र के विधायक और पंजाब विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष एस. कुलवंत सिंह पंडोरी ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ इस प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया, जिसमें आधुनिक तकनीक और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देखने को मिला। होली हार्ट स्कूल में आयोजित ड्रोन शो के दौरान, 500 ड्रोन ने आसमान में कई मनमोहक आकृतियां बनाई, जिन्होंने श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, शिक्षाओं और महान दर्शन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। रोशनी से जगमगाती इन आकृतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम को वास्तव में यादगार बना दिया।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक एस. कुलवंत सिंह पंडोरी ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं। ड्रोन शो जैसी पहल के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का आभार व्यक्त करते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युवा पीढ़ी और बच्चों को गुरु द्वारा दिखाए गए मानवता, समानता, ईमानदारी से मेहनत और सांप्रदायिक सद्भाव के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है। इस मौके पर एसडीएम बेअंत सिंह सिद्धू के साथ-साथ विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, सरपंच/पंच और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद थे।

# पंजाब की युवा पीढ़ी को नशे की आग में झोंकने वाली 'आप' सरकार को पंजाबी कभी माफ नहीं करेंगे: भजन लाल शर्मा

डेली आवाज भारती



**ममदोट/फिरोजपुर ग्रामीण,** के.एस. बेदी पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में निकाली जा रही 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' के तहत ममदोट पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने श्री गुरुद्वारा जामनी साहिब में माथा टेका तथा सारागढ़ी मेमोरियल पर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ममदोट की धरती ने हमेशा इतिहास रचा है। यह वह धरती है जिसने देश की आजादी के संघर्ष में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे महान सपूतों की कुर्बानियों को याद रखा है तथा सारागढ़ी के शहीदों ने भी अदम्य साहस और देशभक्ति की मिसाल कायम की। श्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नशा मुक्त भारत के संकल्प का संदेश लेकर पंजाब आए हैं। यह अभियान पंजाब की आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि पंजाब कभी अपने वीरों, किसानों, खिलाड़ियों और मेहनती युवाओं के कारण पूरे देश के लिए गौरव का प्रतीक रहा है, लेकिन आज नशे की समस्या ने पंजाब के परिवारों को गंभीर चिंता में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल नशा करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रह सकती। नशे के स्रोतों की पहचान करना, तस्करी की पूरी सप्लाई चेन को तोड़ना, नशा तस्करों और मुख्य सरगनाओं को बेनकाब करना तथा नशा पीड़ितों का इलाज और पुनर्वास करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नशे के खिलाफ रोडमैप के तहत इस पूरे नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। यह लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब देश की युवा शक्ति नशा मुक्त, स्वस्थ, अनुशासित और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित हो। इसलिए पंजाब के युवाओं को नशे से बचाना केवल पंजाब ही नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा विषय है। 'तीन महीने में नशा खत्म करने' की गारंटी कहां गई? आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार पर तीखा हमला करते हुए श्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि चुनाव से पहले तीन महीने में नशा खत्म करने की गारंटी देने वाली 'आप' सरकार अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है। समय बीतता गया, लेकिन पंजाब के लोगों की पीड़ा खत्म नहीं हुई।

# 'आप' सरकार ने नशा रोकने की बजाय पंजाबियों की उम्मीद तोड़ी, नशा तंत्र की जड़ों पर प्रहार जरूरी:सतनाम सिंह संधू

## पंजाब का अस्तित्व, संस्कृति और भविष्य बचाना है तो सबसे पहले अपनी जवानी बचानी होगी:सतिंदर सत्ती

**■ नशा पंजाब की जवानी ही नहीं, खेती-किसानी और भविष्य को भी खा रहा है:राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी**

डेली आवाज भारती





गुरुहरसहाय में रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता के सीनियर नेता और रैली में मौजूद लोग व वर्कर।

**गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर):** पंजाब भाजपा के अध्यक्ष स. केवल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में चल रही 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' के 10वें दिन गुरुहरसहाय में रैली को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा कि 'आप' सरकार ने नशा रोकने की बजाय पंजाबियों की उम्मीद तोड़ी है; नशा तंत्र की जड़ों पर प्रहार जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या का समाधान भाषणों और दावों से नहीं, बल्कि तस्करों, सप्लायरों और पूरे सप्लाई नेटवर्क की जड़ों पर प्रहार करके ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार के दावों के बावजूद नशे का मुद्दा आज भी पंजाबी परिवारों के लिए गंभीर चिंता बना हुआ है। संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नशे के खिलाफ कार्रवाई को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने 'आप' सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर पंजाब के परिवारों के दर्द में साफ दिखाई देता है। संधू ने कहा कि पुलिस को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त करके नशा तस्करों के खिलाफ खुलकर कार्रवाई करने की स्वतंत्रता देनी होगी। पंजाब को नशे से पीड़ित युवाओं के साथ-साथ उस तंत्र को भी खत्म करना होगा जो घर-घर नशा पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि पंजाब की आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व का सवाल है। इस दौरान पंजाबी गायिका सतिंदर सत्ती ने कहा कि पंजाब का अस्तित्व, पंजाबी पहचान और संस्कृति बचानी है तो सबसे पहले युवाओं को बचाना होगा। नशे की चपेट में आए युवाओं को इलाज, प्यार और सहारे की जरूरत है, जबकि नशा बेचने वालों के खिलाफ समाज को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि पंजाब की जवानी बचाना आज सबसे बड़ा पुण्य है। रैली में पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक रविकरण सिंह काहलों ने युवाओं को संदेश दिया कि नशा आपकी किस्मत नहीं, नशा आपका भविष्य नहीं, आपका भविष्य आपकी मेहनत, शिक्षा और काबिलियत है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी ने कहा अगर पंजाब की जवानी नहीं बची तो पंजाब की खेती-किसानी भी नहीं बचेगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान गुरु हरसहाय में सडे ों, पार्कों, बुनियादी सुविधाओं और छह-ट्रैक सिंथेटिक स्टेडियम सहित किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि 2022 के बाद क्षेत्र के विकास कार्यों को झटका लगा है।

CMYK